संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -237 शुक्रवार ,28 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# राष्ट्रपति ने अभिभाषण में कहा...सरकार देश के हित में कर रही काम

**» लखपति दीदी अभियान चलाया...**

**» देश बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था...**

**» सेनाओं में सुधार का दावा...**

**» अग्निवीर का नाम नहीं...**

**» शिक्षा नीति की बात पर विपक्ष के नीट-नीट के नारे...**

**नई दिल्ली, 27 जून 2024 (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभिभाषण की शुरुआत में उन्होंने कहा...मैं18 वीं लोकसभा के सदस्यों को बधाई देती हूं। आप देश के मतदाताओं का विश्वास जीत कर आए हैं। ये सौभाग्य कम लोगों को मिलता है। मुझे आशा है आप इसे निभाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को 3.20 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। मेरी सरकार के नए कार्यकाल की शुरुआत के बाद से, किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। आजकल भारत अपनी मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि प्रणाली में बदलाव कर रहा है दुनिया में तेजी से भारतीय किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है।भाषण में राष्ट्रपति ने हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा- पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताईं। नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया।

राष्ट्रपति ने कहा-अगले बजट सत्र में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताया, यह भी कहा- देश ने इस हमले से उबरकर दिखाया।

उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की तारीफ की, वहीं जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया।

राष्ट्रपति बोलीं- मेरी सरकार का मत है कि दुनिया में निवेशकों को आकर्षित करने स्वस्थ्य स्पर्धा हो। सदस्यगण रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। बीते सालों में हमने 100 साल की सबसे बड़ी आपातकालीन दशा देखी है। आज भारत अकेले ही दुनिया की ग्रोथ में 15 प्रतिशत का योगदान दे रही है। मेरी सरकार देश को दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनाने में लगी है।उन्होंने कहा जीएसटी ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ का स्तर पार कर गया है। इससे राज्यों का भी विकास हुआ है। महिला सशक्तीकरण की नई शुरुआत की। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। एक दशक में आर्थिक सामर्थ्य बढ़ा है। मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने अभियान चलाया। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रूप की मदद ली जा रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत सेल्फ हेल्प ग्रप को ड्रोन दिए जा रहे हैं।अब दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता होगी। नए कानून से इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। मेरी सरकार ने सीएए के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। मैं इन लोगों के बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई,इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। संसद ने भी इसके लिए कानून बनाया है।



## राष्ट्रपति ने दी बड़ी खुशखबरी,अब बुजुर्गों को खास फायदा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18 वीं लोकसभा को संबोधित करते हुए देश के बुजुर्गों को बड़ी खुशखबरी दे दी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि 70 साल का उम्र पार कर चुके सभी बुजुर्गों का इलाज आयुष्मान योजना के तहत होगा। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के समय जारी घोषणापत्र में इसका वादा भी किया था। 24 जून से लोकसभा का सत्र शुरू हो चुका है। गुरुवार को संसद भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, नई सरकार में हम 70 साल से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को आयुष्मान का फायदा दे रहे हैं। यही नहीं किसानों के प्रति भी सरकार ने लगातार कार्य किए हैं। किसानों को 20 हजार करोड़ ट्रांसफर किए गए। इससे हमने किसानों को ज्यादा आत्मनिर्भर किया है। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने माई भारत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी और बढ़ाने के लिए मेरा युवा भारत-माई भारत अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि इसमें अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक युवा रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। साथ ही कहा कि सरकार डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव की सराहना की

### अर्थव्यवस्था को लेकर कही ये बात

भारतीय संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले 18 वीं लोकसभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं करोड़ों देशवासियों की ओर से भारत के चुनाव आयोग का आभार व्यक्त करना चाहती हूँ। यह दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना दिया है। 10 साल में भारत 11 वें स्थान से उठकर 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में महामारी और संघर्षों के बावजूद भारत ने यह विकास दर हासिल की है। राष्ट्रपति ने अपने भाषण में कहा कि यह पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रहित में किए गए सुधारों और निर्णयों के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। इस विकास से टियर 2 और टियर 3 शहरों को सबसे अधिक लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत अपनी कृषि प्रणाली को अपनी वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार बदल रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, आजकल दुनिया में जैविक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। भारतीय किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है। इसलिए सरकार प्राकृतिक खेती और उससे जुड़े उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला को एकीकृत कर रही है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ फूटा आप सांसदों का गुस्सा




**» संसद परिसर में लगाए तानाशाही नहीं चलेगी के नारे**

**नई दिल्ली,27 जून 2024 (ए)।**आम आदमी पार्टी के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे इन सांसदों का कहना था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गलत है। सीबीआई कार्रवाई के खिलाफ हाथों में तख्ती लिए इन सांसदों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'केजरीवाल को रिहा करो' के नारे लगाए।आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर राज्यसभा में भी प्रदर्शन करेंगे। आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) का समर्थन भी मिला है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया, ये आपातकाल से भी अधिक तानाशाही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में सवाल पूछे जाएंगे। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी इसे तानाशाही और इमरजेंसी करार दिया है। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि यह कानून नहीं है, इमरजेंसी है और तानाशाही है। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि 20 जून को अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत ईडी ने स्टे लगवा लिया। फिर सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये क़ानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। आम आदमी पार्टी ने का कहना है कि दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरी वाल के खिलाफ न कोई सबूत है, न ही कोई मनी ट्रेल मिला है और न ही कोई पैसा अभी तक बरामद हुआ है, लेकिन फिर भी जानबूझकर उन्हें अभी तक सलाखों के पीछे रखा गया है। ताकि आम आदमी पार्टी को पूरी तरीके से खत्म किया जा सके।




## झारखंड हाई कोर्ट का चंपई सरकार को आदेश

**» रात 12 बजे के बाद किसी भी हाल में खुले न रहें बार और रेस्टोरेंट...**

**रांची,27 जून 2024 (ए)।** झारखंड हाई कोर्ट ने चंपई सरकार को आदेश देते हुए कहा कि राज्य में रात 12 बजे तक हर हाल में बार-रेस्टोरेंट बंद हो। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या बढ़ती जा रही है। लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टोरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं। कोर्ट ने कहा कि इन रेस्टोरेंट्स में बिना लाइसेंस शराब सर्व की जाती है। ऐसे बार-रेस्टोरेंट के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए। पुलिस नशा रोकने के अभियान के नाम पर सिर्फ आईवॉश न करे, बल्कि सामाजिक दायित्व समझते हुए नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाए। कोर्ट ने कहा कि अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए।वहीं, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनाई गई है, जो बार और रेस्टोरेंट की गतिविधियों पर नजर रखेगी। रांची शहर में चल रहे बार और रेस्टोरेंट के बंद होने एवं खुलने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# नया टेलीकॉम कानून देशभर में लागू

**» एक आदमी 9 सिम ही कार्ड खरीद सकता है?**



**नई दिल्ली, 27 जून 2024 (ए)।** स्मार्टफोन आज हमारी लाइफ का अहम हिस्सा बना चुका है, इसके बिना एक दिन भी कल्पना करना नामुमकिन हो गया है। ऐसे ही सिम कार्ड के बिना फोन अधूरा है, बिना सिम के फोन इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि आप टेलीकॉम इंडस्ट्री में हुए बदलावों के बारे में जान लें जो आज से लागू हो गए हैं। दूरसंचार अधिनियम 2023, 26 जून से लागू हो गया है। डीओटी नियमों के अनुसार, एक व्यक्ति अपने आधार से सिर्फ 9 सिम खरीद सकता है। 9 से ज्यादा सिम कार्ड रखने पर पहली बार उल्लंघन करने वालों के लिए 50,000 रुपये और बार-बार उल्लंघन करने वालों के लिए 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

इसके साथ ही गलत तरीकों से सिम कार्ड प्राप्त करने पर 50 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की कैद का प्रावधान है। ऐसे में आपके लिए ये जानना बहुत जरूरी है कि आपके आधार से कितने सिम लिंक हैं। अगर आप किसी सिम का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो आप उसे डिसकंटिन्यू कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कि कैसे आप ये चेक कर सकते हैं कि आपके आधार से कितने सिम लिंक हैं और कैसे आप जो नंबर नहीं यूज कर रहे हैं उसे अनलिंक कर सकते हैं। डीओटी की नई वेबसाइट के जरिए अब आप सेकंड्स में ये काम कर सकते हैं।डीओटी ने हाल ही में एक पोर्टल लॉन्च किया है जिसका नाम संचार साथी है, जो यूजर्स को उनके आधार नंबर से जुड़े सभी फोन नंबरों की जांच करने में सक्षम बनाता है।



## पटरी से उतरी मालगाड़ी

**शहडोल,27 जून 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के शहडोल से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां कोयले से भरी एक मालगाड़ी पलट गई। ट्रेन के चार डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए। जिससे दूसरी ट्रैक में खड़ी एक मालगाड़ी भी प्रभावित हो गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फिलहाल राहत कार्य जारी है।यह पूरी घटना शहडोल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 रेल यार्ड की है। मिली जानकारी के मुताबिक, कोयले से लोड मालगाड़ी छत्तीसगढ़ के परसा से राजस्थान जा रही थी। इस दौरान शहडोल रेलवे स्टेशन के यार्ड में मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से नीचे उतर गए।वहीं दूसरे ट्रैक पर खड़ी एक मालगाड़ी प्रभावित हो गई। जिस ट्रैक पर यह हादसा हुआ, उस ट्रैक की 4 लाइने प्रभावित हो गई। हालांकि यात्री ट्रेनों की आवाजाही जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल राहत कार्य जारी है।

# बिजली उपभोक्ताओं को लगा झटका

**» अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर के लिए देने होंगे 50 रुपये**

**लखनऊ,27 जून 2024 (ए)।** उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से पैसे वसूली की नई योजना बनाई है। पावर कारपोरेशन बिजली उपभोक्ताओं का भार बढ़ाने की तैयारी में है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को मैसेज अलर्ट और डिस्कनेक्शन-रीकनेक्शन पर फीस चार्ज करने की रणनीति बन रही है। पावर कारपोरेशन की तरफ से दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन जोड़ने और काटने पर 50 रुपये का शुल्क वसूला जाएगा।वहीं रिचार्ज खत्म होने के बाद बिजली काटने का मैसेज भेजने के एवज में कारपोरेशन 10 रुपये चार्ज करने की तैयारी कर रहा है। अभी तक इन दोनों सेवाओं पर किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।पावर कारपोरेशन के इस प्रस्ताव का राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विरोध किया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि जिन सुविधाओं पर पावर कारपोरेशन ने शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है वो दोनों व्यवस्थाएं सिस्टम जेनरेटेड हैं, ऐसे में इसके लिए शुल्क कैसे वसूला जा सकता है।पूरे देश में कहीं भी एसएमएस अलर्ट के लिए 10 रुपये चार्ज नहीं लिया जाता है। रीकनेक्शन और डिस्कनेक्शन पर फीस इसलिए दी जाती है क्योंकि विभाग को सीढ़ी ले जाकर कनेक्शन काटना और जोड़ना पड़ता है। इसमें मैनपॉवर लगती है।जबकि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीकनेक्शन और डिस्कनेक्शन ऑनलाइन होता है, इसमें मैनपावर का इस्तेमाल नहीं होता उन्होंने कहा कि बकाए की स्थिति में कनेक्शन काटने से पहले उपभोक्ता को 15 दिन का लिखित नोटिस देने का प्राविधान है।



# देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री दिल्ली एम्स में भर्ती

### यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में चल रहा है इलाज



**नई दिल्ली, 27 जून 2024 (ए)।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देर रात को उन्हें कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद एम्स ले जाया गया है। हालांकि, कुछ सूत्रों का कहना है कि यह रूटीन चेकअप है। फिलहाल उन्हें यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है।

# नीट पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

### मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा



**नई दिल्ली, 27 जून 2024 (ए)।** भारतीय युवा कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित धांधली के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां प्रदर्शन किया और छात्रों के लिए न्याय तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। युवा कांग्रेस का कहना है कि उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीजार्च किया जिसमें कई लोगों को चोटें आई हैं।संगठन के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. ने कहा, ''नीट परीक्षा में धांधली और घोटाला सिर्फ 24 लाख छात्रों के साथ ही धोखा नहीं है, बल्कि देश की मेडिकल व्यवस्था और देश के भविष्य के साथ धोखा है। आज देश में ऐसी कोई परीक्षा नहीं है, जिसमें धांधली न हो।छात्रों ने सोशल मीडिया पर इस सरकार को 'एक बार फिर लीकेज सरकार लिखना शुरू कर दिया है। उन्होंने मांग की कि नीट परीक्षा निरस्त करके फिर से कराई जाए और धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दें।

# सांसद संजय सिंह का निलंबन हुआ खत्म



**नई दिल्ली, 27 जून 2024 (ए)।**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बीच आम आदमी पार्टी के लिए अच्छी खबर आई है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता व सांसद संजय सिंह का राज्यसभा का निलंबन खत्म हो गया है। इस पर उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का आभार जताया है। आप नेता ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि संजय सिंह को पिछले साल मानसून सत्र के दौरान अमर्यादित व्यवहार की वजह से राज्यसभा से निलंबित किया गया था। उन्होंने लिखा, लगभग एक साल के बाद संसद में जाने की अनुमति प्राप्त हुई। निलंबन खत्म हुआ। माननीय सभापति उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनकड़ जी। प्रिविलेज कमेटी के सभापति व सभी माननीय सदस्यों का अत्यंत धन्यवाद व आभार।

## संपादकीय

# कारोबारी सुगमता का ध्यान

जीएसटी परिषद की बैठक में शनिवार को कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मोदी सरकार के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद जीएसटी परिषद की इस पहली बैठक में रेलवे प्लेटफार्म टिकट, विश्राम कक्ष और प्रतीक्षालय सुविधाओं को जीएसटी मुक्त करने के महत्त्वपूर्ण फैसले के साथ ही सभी तरह के दूध के डिब्बों पर 12 फीसद की एक समान जीएसटी दर रखने का प्रस्ताव किया गया। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अनुपालन बोझ कम करने और करदाताओं को राहत देने की गरज से भी कई सिफारिश की गई। कोशिश है कि कारोबारी सुगमता के लिए व्यवसायों के लिए प्रक्रियात्मक जटिलताएं कम की जाएं।परिषद ने जीएसटी पंजीकरण आवेदकों के लिए बायोमीट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण के चरणबद्ध रोलआउट की सिफारिश की है। वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के लिए जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी रिमांड नोटिस पर ब्याज जुर्माना माफी की भी सिफारिश है।यह धारा उन मामलों से संबंधित है जिनमें धोखाधड़ी,दमन या गलतबयानी शामिल नहीं हैं। जो करदाता 31 मार्च, 2025 तक नोटिस में मांगी गई पूरी कर राशि का भुगतान करते हैं, उन्हें इस छूट से लाभ होगा।किसी चालान या डेबिट नोट पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने संबंधी मंजूरी भी दी जा रही है। छोटे करदाताओं को भी इस रूप में राहत मिलने वाली है कि वित्त वर्ष 2024-25 और उसके बाद के वर्षों के लिए रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 20 अप्रैल से बढ़ा कर 30 जून की जाएगी।परिषद ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर 12 फीसद की एक समान जीएसटी दर लागू होगी। दूध के सभी डिब्बों पर उनकी सामग्री (स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम) की परवाह किए बिना एक समान दर 12 फीसद की सिफारिश की गई है। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों की अरसे से मांग को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के कार्टन बक्सों और नालीदार व गैर-नालीदार कागज या पेपरबोर्ड, दोनों से बने उत्पादों के लिए 12 फीसद जीएसटी का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने पेट्रोल व डीजल को जीएसटी के तहत लाने की सरकार की मंशा भी दोहराई। दरअसल, सिफारिशों में कारोबारी सुगमता को ध्यान में रखा गया है।

# समाज सेवा करते करते राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर छाने वाले ओम बिरला का जीवन बड़ा प्रेरक है...

### राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन सेवा,समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है,भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने...



ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी।

श्री बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा।

राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। 17 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्वेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता,कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया । उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान,मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं।

बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किया, जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को किताबें और कपड़े वितरित किए जाते थे। इसके साथ ही रक्तदान और मुफ्त दवा वितरण के आयोजनों से वे लोगों के दिलों में उतरते चले गए। फिर उन्होंने मुफ्त भोजन कार्यक्रम भी चलाया। उनका संकल्प था उनके लोग भूखे न सोएं। इस तरह वे बहुत संवेदनशील और बड़े दिलवाले सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता की तरह सामने आते हैं। यह उन हाशिए के लोगों की दुआएं ही थीं कि बिरला आज सत्ता राजनीति के शिखर पर हैं।

भाजपा को एक दल के रूप में इस बार लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं है और उसकी निर्भरता राजग के सहयोगियों पर बढ़ी है। इसी तरह सदन में प्रतिपक्ष ज्यादा ताकतवर हुआ है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की सरकार के सामने अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी मौजूद होंगे। मोदी की तीसरी सरकार में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना भी एक बड़ी सूचना है। पिछले दो सदनों में कांग्रेस के इतने सदस्य नहीं थे कि वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल कर सके। इससे नेता प्रतिपक्ष अब लोकलेखा समिति के अध्यक्ष भी होंगे और सरकारी खर्चों पर टिप्पणी कर सकेंगें। इस बदले हुए परिदृश्य में सदन में प्रतिपक्ष की आवाज भी प्रखर होगी। राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने अध्यक्ष को धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए सत्ता पक्ष पर अंकुश और प्रतिपक्ष को संरक्षण देने की अपील की। उम्मीद की जानी कि ओम बिरला अपने बड़े दिल से सदन की गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान करेंगें। फिलहाल तो उन्हें शुभकामनाएं ही दी जा सकती हैं।

**-प्रो. संजय द्विवेदी-**

# बढ़ते प्रदूषण से जान और जहान खतरे में

कहते हैं कि जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान,दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिंता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गई है कि आदमी जीने के लिए सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया। गंभीर होती इस स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है। रिपोर्ट के आंकड़े करने वाले हैं, जिनमें 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है।दुखद यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित और चिंतित करने वाले हैं वहीं नीति-नियंताओं के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिंदगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी है, कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत, बल्कि दुनिया के लिए गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की संख्या की बात है तो यह करीब 81 लाख बताई जाती है।चिंता की बात यह है कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसद है जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में कोताही को दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। उसे पता ही नहीं होता कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा? प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़ कर डराती हैं। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्य सरकारें विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लगाती रहती हैं। जानबूझकर प्रदूषण फैलाती हैं ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सकें। प्रदूषण के नाम पर कोरी राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बने रहना चिंता में डालता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरु ग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पटाखों का धुआं भी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना,निर्माण कार्य खुले में होना,उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? अदालतों की कैसी अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

**-ललित गर्ग-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# धरती का प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसती आग से

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है।अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से ये हालात पैदा हुए हैं। यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी चरम पर होगी। गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी? अनुमान लगाना भी मुश्किल है। बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि धरती पर पलय बाढ़ से नहीं, आसमान से बरसती आग से आएगी। धरती के जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों का प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके लेकिन जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि कुछ सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा। दिल्ली में तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हुई है। इस कदर गर्मी का अनुमान पर्यावरणविद् ने पहले से लगा लिया था। इनकी सलाह पर 100 से ज्यादा देश 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में जुटे हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्रोत सूर्य,हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। पर्यावरणविद् के मुताबिक, सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिशत बढ़ जाएगी। नतीजतन, पृथ्वीवासियों को तबाही का सामना करना पड़ेगा।इस मानव निर्मित वैश्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन, जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से



कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देशों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन लंबे समय से चल रहे रूस और यूक्रेन तथा इस्राइल और फिलिस्तीन युद्ध के चलते नहीं लगता कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंतण्र के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को जो बढ़ावा दिया जा रहा है, वह स्थिर रह पाएगा क्योंकि जिन देशों ने वचनबद्धता निभाते हुए कोयला से ऊर्जा उत्सर्जन के जो संयंत्र बंद कर दिए थे, उनमें से कई रूस ने चालू कर लिए हैं।नवम्बर, 2021 में ग्लासगो वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा परंतु उपरोक्त युद्धों के चलते अनेक देशों ने अपने थर्मल पावर बंद नहीं किए हैं।बदलते हालात में हमें जिंदा रहना है तो जिंदगी जीने की शैली को भी बदलना होगा। तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक काल के स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना है तो कार्बन उत्सर्जन में 43 प्रतिशत कमी लानी होगी। आईपीसीसी ने 1850-1900 की अवधि को पूर्व औद्योगिक वर्ष के रूप में रेखांकित किया है। इसे ही बढ़ते औसत वैश्विक तापमान की तुलना के आधार के रूप में लिया जाता है।गोया, कार्बन उत्सर्जन की दर नहीं घटी और तापमान में 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो असमय अकाल, सूखा, बाढ़ और जंगल में आग की घटनाओं का सामना निरंतर करते रहना पड़ेगा। बढ़ते तापमान का असर केवल धरती पर होगा, ऐसा नहीं है। समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और कई शहरों के अस्तित्व के लिए समुद्र संकट बन जाएगा। दुनिया में बढ़ती कारें भी गर्मी बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही हैं। 2024 में वैश्विक स्तर पर कारों की संख्या 1.475 बिलियन आंकी जा रही है या प्रत्येक 5.5 व्यक्ति पर एक कार है, जो प्रदूषण फैलाने का काम कर रही हैं। इन पर भी नियंतण्र जरूरी है।

**-प्रमोद भार्गव-**

## प्रभु अवतार



**गरिमा राकेश गर्विता**
कोटा, राजस्थान

पृथ्वी प्रलय पर सृष्टि सृजन को,
लिया मत्स्य अवतार था ।
सात दिवस तक डोलती नैया को
प्रभु ने पार लगाया था ।
समुद्र मंथन में
मंदरांचल को धारण कर,
कुर्मावतार का रूप धरा।
समुद्र मंथन में सहयोग कर,
चौदह रत्नों को निकलवाया था।
चौदह रत्न निकले मंथन से,
हलाहल से अमृत तक।
देवहित मोहिनी रूप धारण कर,
देवों को अमृत पिलाया था।
हिरण्याक्ष ने जब धरा को ,
मल में ले जाके छुपा दिया।
वराहावतार लेकर प्रभु ने,
धरा को बचाया था।
भक्त के विश्वास की खातिर
नरसिंह रूप धराया था।
खम्भे से निकलकर प्रभु ने,
प्रहलाद को बचाया था ।
तीन पग भूमि में प्रभु ने,
तीनों लोक नाप लिए।
वामन रूप धर के प्रभु ने
बालि को पाताल पहुंचाया था।
क्षत्रिय विहीन कर भूमि को,
परसे को धारण किया।
महक्रोधी परशुराम ने,
पित्राज्ञा को सर्वदा निभाया था।
मर्यादा सिखलाने को प्रभु ने,
रामावतार धरा पर लिया।
संघर्षों के संग मानव को,
त्याग का पाठ पढ़ाया था ।
मर्यादा में बंधे प्रभु ने,
नटखट रूप दिखाया था।
द्वापर में कृष्ण बनकर प्रभु ने,
गीता का ज्ञान दिया था।
घर त्याग ज्ञान पाने को,
आधी रात में निकले थे ।
बुद्ध अवतार में प्रभु ने,
अहिंसा का पाठ पढ़ाया था ।
पृथ्वी पर पापों का जब,
अंतकाल आ जायेगा।
कल्कि अवतार में प्रभु,
अपने भक्तों को बचायेगा ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# भारत की जनसंख्या और विश्व-बाजार का संतुलन



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा,अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी मैं काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है संसाधनों के उचित प्रयोग एवं सदुपयोग की। अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती ।

## सनम मेरे मनमीत हो तुम





**महेन्द्र साहू खलारीवाला**
गुण्डरदेही बालोद
छत्तीसगढ़

मीत हो तुम मनमीत हो तुम,
मेरे अरमानों की जीत हो तुम।
लफ़्ज़ों से बयां हो न सके,
वो सुहावना संगीत हो तुम।।
प्रीत पराई दर्द बेगाने,
अपने-पराये कुछ अफ़साने।
स्मृतिपटल में रमने वाली,वो,
खुशनुमा प्रीत हो तुम।।
तेरी सुमधुर तान मेरी कानों में,
गूँज रही है ग़ज़ल बनकर।
ओ मेरे सनम,जान-ए-बहार,
मेरे हिय हलचल झंकृत हो तुम।।
न कुछ तुमने कहा,न कुछ हमने सुना,
फिर भी फासले कमतर होते गए।
रब से भी ज्यादा,चाहा मैंने तुम्हें,
उस रब की नेक इबादत हो तुम।।
तुम ही हो मेरी हीर,सोहनी,
तुमसे है मेरे जीवन में उजाला।
मेरे मन मंदिर की तुम देवबाला,
सनम मेरे मनमीत हो तुम।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## जल ही जीवन है...





**कृष्णा चौहान**
अमेरी,बरमकेला
सारंगढ़-बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

जल हैं तो कल हैं,
जल ही जीवन हैं!
जल ही से पेड़-पौधे हैं,
जल ही से जंगल हैं!
जल ही से जीव-जंतु हैं,
जल ही से नदी नाले हैं!
जल ही से जग हैं,
जल ही से जान हैं!
जल के बिना,
जीवन अधुरा हैं!
जल के बुंद बुंद को,
हमें बचाना हैं!
जन - जन में ,
जागरूकता लाना हैं!
जल का संरक्षण,
हमें करना हैं!
जल हैं तो कल हैं,
जल ही मीठा फल हैं!

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## तड़पा रहा है...



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार

तुझे प्यार इतना कर लिया है, कि
अब दुर जाना मुश्किल हो गया है,
तु मेरी जान नहीं धड़कन बन गया है,
तू मेरी रूह-रूह में समा गया,
ये बात अब तु भी जान गया है,
इसलिए अब तू...मुझे यूँ तड़पा रहा है,
प्यारी-प्यारी,मीठी-मीठी
यादों को तू यूँ मिटा रहा है,
मेरे दिल को छलि करके,
दुसरे का दिल बना रहा है,
मुझे बदनाम करके,
खुद वाह वाही लूट रहा है,
मुझे खुद से दुर करके,
दुसरों को दिल में बसा रहा है
और मै तुझे अपने
दिल में बसा रखी हूँ
तु लाखों कोश दूर है,
ये जानकार भी,
अपने दिल को समझा रही हूँ,
तु हर पल पास है बस यही अपनी
दिल को बता रही हूँ,
तूने हर बार मुझे
बीच बाजार में लाया है,
और मैने हर बार
अपने बाहें फैलकर तुझे बुलाया है,
आज नही तो कल
तू भी समझ जाएगा,
दूसरों के चक्कर में
तूने हीरे को खोया था,
बाद में तू पछताएगा,
तब तुझे मेरी याद आएगी।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 143.23 एकड़ सरकारी जमीन फर्जी तरीके से कर दिया गया क्रय-विक्रय

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में भू माफियाओं ने 143.23 एकड़ सरकारी जमीन (गोचर) को फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर बेच दिया है। उक्त जमीन की कीमत 331 करोड़ रुपए है। आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने मामले की शिकायत कमिश्नर से की थी। कमिश्नर ने मामले की जांच के आदेश कलेक्टर बलरामपुर को दिए थे। जांच में पाया गया कि फर्जी सेटलमेंट का दस्तावेज लगाकर कई भू माफियाओं ने अधिकारियों से मिलीभगत कर जमीन बेच दिया है।

दस्तावेज के अनुसार बलरामपुर जिले के भनौरा गांव में गोचर भूमि पुराना खसरा नंबर 93 रकबा 143.23 एकड़ भूमि है। जिसे भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर कई लोगों के नाम विक्रय कर दिया है। जमीन विक्रय के लिए अलग-अलग लोगों के नाम से फर्जी सेटलमेंट लगाया गया था। मामले की शिकयत आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने संभागीय आयुक्त से की थी। शिकयत में उल्लेख किया गया था कि बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत भनौरा की गोचर भूमि जो साजन, दीपक राम अगरिया, बाबूलाल भुइयां, रामलाल सहित अन्य लोगों के पूर्वजों के नाम पर था जिसे रामविलास के नाम पर वर्ष 1990-91 में वन विस्थापन के संबंध में वन विभाग द्वारा अलग से खसरा नंबर आवंटित कर पट्टा प्रदान पट्टा प्रदान किया गया। इसके अलावा भूमि खसरा नंबर 520, 521, 522, 523, 525, 526 का बंदोबस्त वर्ष 1996-97 में नया खसरा नंबर 218, 222, 239, 240, 241, 220 बनाया गया और भूमि का पट्टा साजन, दीपकराम दोनों पिता बंसी जाति अगरिया के दादा लालसाय तथा बाबूलाल, रामलाल के भाई जगपत तथा पचाठ के नाम पर प्रदान किया गया। वन व्यवस्थापन के तहत प्राप्त पट्टे की भूमि को बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति प्राप्त किए दूसरे जाति के व्यक्तियों को फर्जी सेटलमेंट लगाकर सेटलमेंट की भूमि बताकर कई लोग को विक्रय किया गया है। संभागीय आयुक्त ने ममाले की जांच के निर्देश कलेक्टर बलरामपुर को दिए थे।




### कलेक्टर आयुक्त को सौंपेंगे जांच रिपोर्ट

आयुक्त के निर्देश पर कलेक्टर बलरामपुर द्वारा जांच के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने जांच के बाद प्रतिवेदन कलेक्टर बलरामपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें यह उल्लेख किया गया की गोचर भूमि का गलत तरीके से फर्जी सेटलमेंट लगाकर क्रय-विक्रय किया गया है। जांच रिपोर्ट में यह भी लिखा गया है कि राजस्व रिकार्ड का दुरुपयोग कर क्रय विक्रय किया गया है। गोचर भूमि में काफी प्रभावशाली व्यक्तियों ठेकेदार, नेता व अधिकारियों का मकान बना हुआ है। उक्त जांच रिपोर्ट अब कलेक्टर द्वारा संभागायुक्त को सौंपा जाएगा।



## गांजा बिक्री कर रहा आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर पुलिस ने गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना प्रभारी अश्वनी सिंह को बुधवार को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि पुहपुटरा निवासी सोहनदास अपने पास गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोहनदास को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 260 ग्राम गांजा पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोप के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# रजपुरीकला में ट्रक ने राहगीर यूवक को कुचला,आक्रोशित ग्रामीणों ने टायर जलाकर एनएच 130 किया जाम





**» एनएच के दोनो ओर 2 घंटे लगी रहे वाहनों की लंबी कतारें यात्री रहे परेशान**

**- संवाददाता -**
**लखनपुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 स्तिथ ग्राम रजपुरी कला में गुरूवार की सुबह 9 से 10 बजे के बीच ट्रक की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हों गई। अक्रोशित ग्रामीणों में मृतक यूवक के शव को नेशनल हाइवे 130 में रखकर टायर जलाकर एनएच जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग 2 घंटे तक नेशनल हाईवे 130 जाम रहा।नेशनल हाईवे 130 सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई । लगभग दो घंटे तक जाम लगने से यात्रियों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते हैं लखनपुर प्रभारी तहसीलदार और पुलिस अनुविभागिय अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे कड़ी मस्कत के बाद समझाइए देकर जाम खुलवाया गया। और पीड़ित परीजनो को तत्काल सहायता राशि राजस्व विभाग ने प्रदान की।मिली जानकारी के मुताबिक

संदीप पैकरा उर्फ हुक्का पीता सूरज पैकरा ऊर्फ दूहन उम्र लगभग 19 वर्ष ग्राम रजपुरी कला टीकरापारा थाना लखनपुर निवासी अपने साथी भागीरथी के साथ नेशनल हाईवे 130 स्थित रजपुरी कला स्थित प्रीतम जनरल स्टोर से सामान लेकर पैदल लौट रहा थे।इसी दौरान बिलासपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे अज्ञात ट्रक वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राहगीर युवक पर ट्रक चढ़ा दीया जिससे यूवक की मौत हों गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 130 में युवक के शव को रखकर टायर जला चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग प्रभारी तहसीलदार दीप शीला जायसवाल, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, पुलिस अनुविभागिय अधिकारी अमित पटेल,दरिमा थाना प्रभारी मनोज प्रजापति, उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। नेशनल हाईवे 130 लगभग 2 घंटे जाम रहा और यात्री बसे भी जाम में फसी जिसे यात्रियों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के भाई विजय अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और राजस्व और पुलिस अधिकारियों के साथ ग्रामीणों को समझाइए देकर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके उपरांत चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया। पुलिस के द्वारा आवागमन बहाल किया गया। पुलिस प्रशासन के द्वारा मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। राजस्व विभाग के प्रभारी तहसीलदार दीप शीला जायसवाल के द्वारा मृतक युवक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि 25000 प्रदान किया गया।

आक्रोशित ग्रामीणों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रभारी तहसीलदार दीपशिला जयसवाल को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि मृतक के परिवार को 20 लाख रुपए की सहायता राशि दिलाया जाए। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ब्रेकर और स्टापर लगाये जाने की मांग की है।

**नेशनल हाईवे 130 स्थित रजपुरी कला में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने प्रशासन के द्वारा कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। अब देखने वाली बात होगी की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने किस प्रकार की पहल प्रशासन द्वारा की जाती है।**




# किराना दुकान से इलेक्ट्रॉनिक काटा चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

किराना दुकान से इलेक्ट्रॉनिक काटा चोरी करने वाले तीन आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अफसाना अंसारी नावागढ़ की रहने वाली है। इसके घर में ही किराने की दुकान है। 11 जून की शाम को अफसाना घर के अंदर थी और दुकान खुला था। इस दौरान कामरान, कादीर व राजा दुकान में आकर इलेक्टॉनिक काटा चोरी कर ले गए। दुकान संचालिका ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कमरान फरीदी उर्फ़ छोटू (20) कादिर फरीदी (18), राजा उर्फ़ विकाश सारथी (27) निवासी नावागढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर 1.29 लाख की ठगी

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

ऑनलाइन लोन देने के नाम पर एक युवक से 1 लाख 19 हजार रुपए प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ठगी कर लिया गया है। युवक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गोकुल चंद पैकरा बगीचा थाना क्षेत्र का रहने वाला है और पिछले 6 साल से अंबिकापुर सुभाषनगर में किराए में रहकर प्राइवेट काम करता है। वह फेसबुक पर ऑनलाइन लोन के लिए वीडिया देखा था। वीडियो देखकर वह 6 जनवारी 2023 को मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन अपलाई किया था। इसके बाद महेन्द्रा फायनेंस का मैनेजर बताकर एक अज्ञात व्यक्ति गोकुल के मोबाइल पर फोन किया और लोन देने के बहाने प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 1750 रुपए की मांग की। गोकुल झांसे में आकर फोन पे के माध्यम से दिए गए खाता नंबर में 1750 रुपए डाल दिए। बाद में कागजात तैयार हो गया है जीएसटी के नाम पर 53 हजार 1 सौ रुपए की ठगी की। 8 जनवारी 2023 को 66 हजार 1 सौ इसके बाद पुनः 49 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। गोकुल लोन मिलने के झांसे में आकर और 5 हजार रुपए उसके खाते में डाल दिया। कुल 1 लाख 19 हजार रुपए ठगी कर लिया गया। इसके बावजूद भी उसे आज तक लोन नहीं दिलाया गया। परेशान होकर युवक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# युवक की बाइक चोरी,जुर्म दर्ज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

नारियल पानी बेचने वाले व्यवायी की बाइक अज्ञात चोरों ने 23 जून की शाम को पार कर दी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सूरज सोनकर खटिकपारा नमनाकला का रहने वाला है। वह केदारपुर में नारियल पानी बचने के लिए ठेला लगाता है। 23 जून को वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 2642 को ठेला के पास खड़ा किया था। शाम करीब 7 बजे वह ठेला को यातायत थाना के पीछे लगाने गया था। इधर उसकी बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। सूरज ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गुरु प्रसाद जायसवाल सुसाइड मामले में एक और आरोपी हुआ गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

युरेनियम कारोबार के नाम पर दो करोड़ से अधिक निवेश करा धोखाधड़ी किए जाने और अन्य निवेशकों द्वारा डूबे रकम की वापसी के लिए दबाव बनाते हुए संपत्ति में कब्जा कर लिए जाने से क्षुब्ध शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई बनारसी जायसवाल द्वारा फांसी लगा आत्महत्या किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को कलकत्ता से करने में सफलता पाई है। वहीं पूर्व में भी पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुकी है।




जानकारी के अनुसार गुरु प्रसाद जायसवाल नमनाकला का रहने वाला था। वह सितंबर 2023 में एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान पुलिस को कई पन्नों का सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में कलकत्ता के जालसाजों द्वारा यूरेनियम कारोबार में अधिक लाभ का झांसा देकर 2 करोड़ रुपए की ठगी कर ली गई थी। ठगों के झांसे में आकर गुरु प्रसाद जायसवाल कई लोगों से कर्ज लेकर रुपए इन्वेस्ट किए थे। रुपए इन्वेस्ट करने के बाद भी कुछ लाभ न मिलने व कर्जदारों द्वारा रुपए के लिए दबाव बनाने से वह परेशान हो गया था। उसके घर पर भी कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। 2 करोड़ रुपए ठगी होने व कर्जदारों द्वारा रुपए के लिए दबाव बनाने से परेशान होकर गुरु प्रसाद जायसवाल ने शहर के एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने मामले में शामिल आरोपी अब्दुल नईम को 18 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी। तकनिकी जानकारी प्राप्त कर पुलिस ने अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोलकत्ता रवाना हुई थी। मामले में पुलिस ने आरोपी सुजित डे (50) निवासी जेस्सोंर रोड थाना दमदम जिला पीजीएस ए कोलकत्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 306 व 34 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# सार्वजनिक स्थानों पर बैठे असमाजिक तत्वों के खिलाफ की गई कार्रवाई



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

जिले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को 50 से अधिक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी देर रात तक संवेदनशील क्षेत्रों की जांच की गई। इस दौरान ग्राउण्ड, तालाब के किनारे बैठने वाले असामाजिक तत्वों एवं खुले में शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने 4 प्रकरणों में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा गाड़ाघाट मैदान, मल्टीपरपज स्कूल मैदान, नगर पालिका मैदान,फारेस्ट ग्राउंड प्रतापपुर नाका,कलाकेंद्र मैदान तकिया रोड़ ग्राउंड,गांधी स्टेडियम, संजय पार्क के सामने ग्राउंड, रिमझिम तालाब,बरेज तालाब, सत्तीपारा तालाब,पीजी कॉलेज ग्राउंड, शिवधारी तालाब, गोधनपुर ग्राउंड, महुआपारा ग्राउंड, किसान राईस मिल ग्राउंड, बिशुनपुर तालाब ग्राउंड, सूर्य मंदिर तालाब, पॉलिटेक्निक ग्राउंड, गंगापुर शराब दुकान के पास, मेडिकल कॉलेज रोड़, दर्रीपारा जेल तालाब, भाथूपारा तालाब, ट्रांसपोर्ट नगर, गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड, मठपारा एरिया, जगदीशपुर रोड़, नमना तालाब मोड़ गौरव पथ, वनदेवी मंदिर के आस पास एवं रघुनाथ ग्राउंड जिला अस्पताल के पास औचक छापेमार कार्यवाही कर तालाब एवं मैदान मे अकारण देर रात तक बैठे आसामजिक तत्वों कों सख्त चेतावनी देते हुए अगले बार मौक़े पर पाये जाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही किये जाने की समझाईस दी गई एवं सार्वजानिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले 5 व्यक्तियों कों पकड़कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई हैं।

# पूर्व पीएम राजपक्षे बीजिंग के लिए रवाना,ऋण पुनर्गठन समझौते पर चीन के शीर्ष नेताओं से करेंगे मुलाकात

**कोलंबो,27 जून 2024।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे गुरुवार को बीजिंग के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए। राजपक्षे चीन के साथ द्वीप राष्ट्र के ऋण पुनर्गठन समझौते पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री ली कियांग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात करेंगे।

चीन श्रीलंका के लिए सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता है। साल 2022 में द्वीप राष्ट्र ने जब डिफॉल्ट होने की घोषणा की थी। बीजिंग उसके कुल बाहरी कर्ज का 52 फीसदी (40 अरब अमेरिकी डॉलर) हिस्सा है।

द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को घोषणा की कि भारत और चीन समेत द्विपक्षीय ऋणदाताओं के साथ ऋण पुनर्गठन समझौतों को पेरिस में अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने इसे देश के विकास में मील का पत्थर बताते हुए कहा था कि यह नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका में अंतरराष्ट्रीय भरोसे मजबूत करेगा।



ऋण पुनर्गठन समझौते में 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर के चीनी ऋण को चुकाने के लिए 2043 तक का समय दिया जाएगा। इस ऋण का अधिकांश हिस्सा राजपक्षे के राष्ट्रपति रहने के दौरान (2014-15) लिया गया था। उधर, डेली मिरर अखबार ने सूत्रों के हवाले से खबर में बताया कि राजपक्षे की चीन यात्रा विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर हो रही है। वह बीजिंग में शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के पांच सिद्धांतों की 70 वीं वर्षगांठ के मौके पर कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के अन्य प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा था कि चीन शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के पांच सिद्धांतों की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को पेइचिंग में सम्मेलन का आयोजन करेगा। खबर के मुताबिक, इन कार्यक्रमों के इतर राजपक्षे प्रधानमंत्री ली कियांग और मंत्री वांग यी के साथ परस्पर हित के क्षेत्रों और श्रीलंका को लाभ पहुंचाने वाली विकास परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे।

राजपक्षे श्रीलंका के ऋण पुनर्गठन समझौते पर भी चर्चा करेंगे और चीन के एग्जिम बैंक द्वारा दी गई मदद के लिए आभार जताएंगे।

# सिंगापुर की अदालत में एक भारतीय समेत तीन महिलाओं पर आरोप,फलस्तीन का समर्थन करने का मामला

**सिंगापुर,27 जून 2024।** सिंगापुर में फलस्तीन का समर्थन करने के मामले में एक भारतीय समेत तीन सिंगापुरी महिलाओं पर अदालत में आरोप लगाया गया है। दरअसल, फलस्तीन के समर्थन में 70 लोगों का जुलूस एक ज्ञापन पहुंचाने राष्ट्रपति पैलेस पहुंचा था। आरोप लगाए गए महिलाओं की पहचान 35 वर्षीय अन्नामलाई कोकिला पार्वती, 29 वर्षीय सिती अमीराह मोहम्मद असरोरी और 25 वर्षीय मोसम्मद सोबिकुन नाहर के तौर पर की गई है। इन सभी पर बिना परमिट दो फरवरी को जुलूस निकालने के लिए लोक व्यवस्था अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।

अन्नामलाई एक जानी मानी कार्यकर्ता है। उनपर सिती अमीराह



मोहम्मद असरोरी, मोसम्मद सोबिकुन नाहर और अन्य को अपने काम में शामिल करके अपराध को बढ़ावा दिलाने का आरोप लगाया गया है। अदालत में तीनों आरोपियों का प्रतिनिधित्व एक वकील ने किया। वकील ने बताया कि जुलाई में अन्नामलाई को अपने परिवार से मिलने के लिए वह एक आवेदन देंगे। तीनों को पांच हजार सिंगापुर डॉलर की जमानत की पेशकश की गई।

अन्नामलाई और मोसम्मद के मामलों की सुनवाई आठ अगस्त को और सिती अमीराह के मामले की सुनवाई 25 जुलाई को होगी। पुलिस ने बताया कि अन्नामलाई को बिना परमिट जुलूस निकालने के लिए 2017 और 2021 में भी चेतावनी दी गई थी।

बता दें कि दो फरवरी को दोपहर के करीब दो बजे 70 लोग एक शॉपिंग मॉल के बाहर ऑर्कर्ड रोड पर जमा हुए ओर इस्ताना की तरफ चल दिए। वे इस्राइल हमाज के बीच जारी संघर्ष में फलस्तीन का समर्थन कर रहे थे।

# पारदर्शिता हेतु कोर्ट के बाहर प्रकरणों की अद्यतन जानकारी का डिस्प्ले हुआ शुरू

**» कलेक्टर कोर्ट के ऑनलाइन यूट्यूब प्रसारण की अभिनव पहल के बाद**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

प्रशासन के कार्यशैली में पारदर्शिता हेतु कलेक्टर श्री भोसकर की अभिनव पहल पर पहली बार प्रदेश में किसी कलेक्टर कोर्ट का यूट्यूब पर ऑनलाइन प्रसारण शुरू किया गया। हर गुरुवार को कलेक्टर







कोर्ट का ऑनलाइन प्रसारण किया जाता है जिससे लोग घर बैठे कलेक्टर कोर्ट की कार्यवाही देख सकते हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर की पहल पर अब कोर्ट के बाहर प्रकरणों की जानकारी प्रदर्शित करने डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया गया है जिसमें कोर्ट में सुनवाई किए जा रहे प्रकरणों की जानकारी आमजन को मिल सकेगी। डिस्प्ले बोर्ड में प्रकरण और पक्षकार की अद्यतन स्थिति प्रदर्शित की जा रही है जिसमें प्रकरण पर हुई कार्यवाही और आगे होने वाली प्रक्रिया की जानकारी दिखाई जा रही है। इस दौरान कलेक्टर कोर्ट आए पक्षकारों ने भी प्रशासन की इस अभिनव पहल की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा कार्यशैली में आई इस पारदर्शिता से निश्चित ही बेहतर न्याय लोगों को मिलेगा।

# स्कूलों में मेंटेनेंस वर्क के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित,छात्र बोले गर्मी की छुट्टियों में क्यों नहीं कराया काम




**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

26 जून से सरकारी स्कूल खुल चुके हैं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी शुरु हो चुकी है पर बलरामपुर रामानुजगंज जिले में कई स्कूल ऐसे हैं जहां स्कूलों की मरम्मत का काम अभी भी चल रहा है। स्कूल में मेंटेनेंस वर्क होने के चलते बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि जल्द ही स्कूल भवनों को दुरुस्त कर लिया जाएगा।

बलरामपुर रामानुजगंज गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुल चुके हैं। लंबी छुट्टी बिताने के बाद नए जोश और उमंग के साथ बच्चे स्कूल भी पहुंच रहे हैं। बच्चों की शिकायत है कि उनके स्कूल में भवन मरम्मत का काम होने के चलते वो पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल खुलने के साथ ही निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी रिपेयरिंग का काम करने चले आते हैं। दिन भर छेनी और हथौड़ी की ठक ठक के चलते उनका पढ़ना लिखना मुश्किल हो गया है।

### शोर शराबे में कैसे होगी बच्चों की पढ़ाई

जिन स्कूलों में मेंटेनेंस का काम चल रहा है वहां के स्कूली बच्चे परेशान हैं। बच्चे और उनके अभिभावक अब सवाल पूछ रहे हैं कि रिपेयरिंग वर्क के दौरान जो शोर शराबा हो रहा है उसमें कैसे पढ़ाई होगी। सवाल ये भी खड़ा हो रहा है कि जब इतनी बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल के भवनों की मरम्मत करानी थी तो पहले क्यों नहीं कराई गई। अब जब स्कूल खुल गए हैं और मॉनसून आ चुका है तब मरम्मत का काम क्यों कराया जा रहा है।

हमारे यहां 561 काम पूरे हो चुके हैं 300 के करीब और काम बाकी हैं। उम्मीद है जल्द ही बाकी का बचा पूरा काम खत्म कर लिया जाएगा। जहां भवन का काम पूरा हो चुका है वहां पर बच्चों को शिफ्ट किया जाएगा।

**- डॉ डीएन मिश्रा,जिला शिक्षा अधिकारी**

स्कूल खुलने पर मनाया गया शाला उत्सव 26 जून से सभी सरकारी स्कूल खुल चुके हैं। स्कूलों के खुलने पर शाला उत्सव का आयोजन किया गया। गर्मी की छुट्टियां बिताकर लौटे छात्रों का स्वागत स्कूल में तिलक लगाकर किया गया। छुट्टियों से लौटे बच्चे जहां शानदार स्वागत से खुश हुए वहीं स्कूल के मरम्मत के काम में लगे निर्माण एजेंसी की लेटलतीफी का खामियाजा अब वो भुगत रहे हैं।

# दो सगी बहनों को सांप ने काटा,इलाज के दौरान हुई मौत,परिवार में पसरा मातम

**» सांप के काटने से दो सगी बहनों की मौत**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में सांप के काटने से दो सगी बहनों की मौत हो गई है। जिस वक्त सांप ने इन्हें काटा था,उस वक्त यह दोनों जमीन पर सो रही थी। इसके बाद दोनों के उल्टी करने पर परिजन हॉस्पिटल लेकर गए। लेकिन संजना और सुमन दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बता दें, इस घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजन ग्राम गोवर्धनपुर चंदौरा से इलाज के लिए




मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन दोनों बहनों की इलाज के वक्त मौत हो गई है।

### सांप ने युवक को काटा

ग्रामीणों तक विज्ञान तो पहुंच चुका है लेकिन आज भी वे विज्ञान से ज्यादा महत्व अंधविश्वास को देते हैं। सांप काटने पर अस्पताल की जगह वे झाड़-फूंक करने वाले के पास जाते हैं। ऐसा ही एक मामला कवर्धा से सामने आया था। जहां एक सांप ने युवक को काट दिया था। इसके बाद परिजनों ने युवक को हॉस्पिटल ले जाने के बजाए झाड़-फूंक करवाने के लिए ले गए। समय से इलाज नहीं मिलने के चलते युवक की मौत हो गई थी। यह मामला झलमला थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, कवर्धा के अंजना गांव में सुकलु मेरावी नाम के युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। इसके बाद परिजनों ने अंधविश्वास के चलते युवक को झाड़-फूंक कराने के लिए लेकर गए। जब युवक की तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# धारा 170 ख संबंधित आवेदनों के लिए स्पेशल कोर्ट आज से शुरू

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर श्री विलास भोसकर द्वारा आदिवासी जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए भू राजस्व संहिता की धारा 170 ख के तहत आने वाले प्रकरणों को विशेष अभियान चलाकर निराकृत किए जाने हर गुरुवार को शाम 4 से 5 बजे तक स्पेशल कोर्ट की पहल की गई है। आज से इसकी शुरुआत हो चुकी है। गुरुवार को कलेक्टर कोर्ट में आवेदन लेने और सुनवाई करने सभी एसडीएम मौजूद रहे। पहले दिन चार प्रकरणों पर सुनवाई की गई।



**» सभी एसडीएम कलेक्टर कोर्ट में रहे मौजूद,पहले दिन 4 प्रकरणों पर हुई सुनवाई**

बता दें कि भू राजस्व संहिता की धारा 170ख अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति द्वारा धारित भूमि के गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति को अंतरण या कब्जे में होने से जुड़े प्रकरणों से संबंधित है। इन प्रकरणों में अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा जांच एवं सुनवाई की जाती है।

# एसईसीएल विश्रामपुर के खाते से 37 रूपये हुआ लाख पार

**» प्रबंधन में मचा हाहाकार... फर्जी चेक हुआ हुआ खेल...ठगों ने आखिर कैसे बैंक कर्मियों के आंखों में झोंका धूल...उठ रहे सवाल...**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिला में एसईसीएल बिश्रामपुर के एसबीआई खाते का फर्जी चेक लगा 37 लाख रु आहरण होने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। धोखाधड़ी का पता चलने पर एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा विश्रामपुर थाना में इसकी शिकायत की गई है। राहत की बात यह है कि राशि फर्जी चेक से ट्रांसफर होने का पता चलने पर उक्त तिथि को ही बैंक ने करीब 22 लाख रुपए की रिकवरी कर ली। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस चेक से आहरण हुआ वह चेक एसईसीएल के वित्त विभाग में अभी भी उपलब्ध है, जिससे एटीएम के समान चेक का भी क्लोन बना ठगी की संभावना बढ़ गई है, इस मामले में एसईसीएल, बैंक कर्मियों की मिली भगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है, यह पुलिस जांच का विषय बन गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एसईसीएल बिश्रामपुर का एसबीआई खाता बिश्रामपुर स्टेट बैंक ब्रांच में संचालित है, इस खाता से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कथित तौर



पर फर्जी चेक लगाकर 37 लाख रु की राशि तीन दिवस पूर्व आहरित कर ली गई थी। राशि आहरण होने का मैसेज प्राप्त होने के बाद जब एसईसीएल के वित विभाग के अधिकारियों को इस गड़बड़झाले का पता चला। वित विभाग ने चेक नंबर जिससे राशि आहरित हुई है का मिलान किया तो पता चला उक्त चेक नंबर अभी जारी ही नही किया गया है और वह चेक बुक में सुरक्षित है। चेक नंबर मिलान के बाद प्रबंधन ने मंगलवार को एसबीआई ब्रांच मैनेजर के समक्ष शिकायत दर्ज कराई , ब्रांच मैनेजर ने तत्काल उच्च प्रबंधन को अवगत कराते हुए करीब 22 लाख की रकम रिकवरी कराया।

### इस बैंक से हुआ है आहरण

एसबीआई की फर्जी चेक सेम सीरीज व सेम नंबर जो एसईसीएल प्रबंधन को जारी किया गया था । उसी सीरीज व नंबर के फर्जी चेक को लगा पंजाब नेशनल बैंक सदर बाजार बिलासपुर शाखा से राशि आहरण किया गया है।बताया जाता है की वर्तमान में ऑनलाइन के जमाने में चेक को कलेक्शन के लिए संबंधित शाखा में भेजने के बजाय चेक की इमेज भेज देते है और चेक मिलान के बाद उसका ट्रानजंक्शन हो जाता है। आश्चर्य की बात यह है की संबंधित बैंक के अधिकारी बिना जांचे परखे फर्जी चेक को आखिर क्लियर कैसे कर दिए। एसबीआई बिश्रामपुर के प्रबंधक रवि सिंह ने मीडिया को बताया कि एसईसीएल शिकायत मिलने के बाद अपने उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दिया गया है आहरण की गई राशि मे से कुछ राशि की वसूली किया जा चुका है शेष कार्यवाही जारी है।

# तहसीलदार ने पिता के स्मृति पर बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**- सवाददाता -**
**कुसमी,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

तहसीलदार शशिकांत दुबे के द्वारा अपने पिता की स्मृति में स्वर्गीय श्री राम जी दुबे स्मृति विकासखंड स्तरीय इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार की रात्रि में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात में एसडीएम करुण कुमार डहरिया तहसीलदार शशिकांत दुबे थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल,बीईओ रामपथ यादव,श्रवन दुबे सहित अन्य अतिथियों के द्वारा स्वर्गीय श्री राम जी दुबे के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। इस प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया है । इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 25000 द्वितीय पुरस्कार 15000 और तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि पार्षद आनंद जायसवाल ने बताया कि यहां पर बैडमिटन खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेलने में काफी परेशानी उठानी पड़ती थी । शुरुआत में यह खेल आउटडोर तहसील प्रांगण में था बाद



में वन विभाग, कॉलेज, मंडी के भवनों में फर्श में खेला जाता है। अनेक संघर्ष उपरांत आज हम वुडेन ग्राउंड में इंडोर के रूप में हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास स्थापित हो पाए हैं। खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेलने में अब परेशानी नही होगी। पार्षद ने बताया उन्होंने अपने मद से पैसा दिया है। हंडालको और यहां के अधिकारियों के सहयोग से कुसमी में इंडोर बैडमिंटन ग्राउंड का निर्माण हो पाया वही नवनिर्मित बैडमिंटन ग्राउंड में पहला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं । खिलाड़ी के रूप में खेल रहे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया ने कहा कि इस प्रतियोगिता में जितने भी टीम ने भाग लिया है उन सभी टीमों का नाम हमारे देश के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों के नाम से रखा गया है साथ हि बैडमिंटन खेल में खेली जाने वाली खेल भावना एवं इसकी छोटी-छोटी बारीक नियमों के बारे में भी बताया। वही तहसीलदार ने बताया कि वे अपने पिता के स्मृति में कुसमी में इस प्रतियोगिता का आयोजन इस लिए करा रहे है कि उनके पिता स्वर्गीय श्री राम जी दुबे कुसमी विकासखंड के टाटीझरिया गांव में 1950 में शिक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करना प्रारंभ किया एवं कई वर्षों तक यंहा अपनी सेवाएं दी है। जिससे इस विकासखंड के साथ उनका बहोत गहरा लगाव रहा था। वही तसीलदार अपने पिता को याद करते हुये कहे कि आज मैं उनके आशीर्वाद से यहां तहसीलदार के पद में कार्य कर रहा हूं यह मेरे लिए गौरव की बात है। तत्पश्चात सभी लोगो के द्वारा राष्ट्रगान गाया गया एवं पहला मैच प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में पहला मुकाबला टीम पीवी सिंधु एवं टीम साइना नेहवाल के मध्य खेला गया। इस प्रतियोगिता में सत्येंद्र परमार ,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिंडालको से जी .आर.प्रधान, राजेन्द्र घोष, अरविंद सिन्हा, सुनील सिन्हा, अश्विन खेस, परमेश्वर मैत्री,उमेश गुप्ता, दीपक सिन्हा,दीपेश जायसवाल,विद्याचरण यादव, डॉ रोहित बखला ,विकास गुप्ता, मनीष सिन्हा, नवनीत, प्रकाश, साकिब, जफर, अभिषेक सिन्हा, रज्जत सिन्हा,सहित खिलाड़ी एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

# दोहरे हत्या कांड के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।**

कोरोनाकाल में वर्ष 2020 में हुए दोहरे हत्या कांड के मामले में कोर्ट ने आरोपी आकाश गुप्ता और सिद्धार्थ जायसवाल को आजीवन कारासाज की सजा सुनाई है। वहीं इसी मामले में अन्य आरोपी सज्जन अग्रवाल व शिव पटेल को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया है। सौरभ अग्रवाल व इसके चाचा सुनील अगब्राल शहर के ब्रम्ह रोड का रहने वाले थे। वर्ष 2020 में कोरोनाकाल के समय पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के ही रहने वाले सज्जन अग्रवाल व शिव पटेल ने दोनों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद दोनों के शव को घर के अंदर ही गड्ढा खोदकर दफना दिया था। दोनों की हत्या करने के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपियों ने उनके कार को आकाशवाणी चौक के पास छोड़ दिया था। कोतवाली पुलिस मामले की जांच करते हुए सबसे पहले सिद्धार्थ जायसवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर मामले का खुलाशा हुआ था। पुलिस ने मामले में आरोपी आकाश गुप्ता, सिद्धार्थ जायसवाल, सज्जन अग्रवाल और





शिव पटेल को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था। तब से मामला न्यायालय में चल रहा था। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए 27 जून को फसला सुनाया है। फैसले में मुख्य आरोपी आकाश गुप्ता और सिद्धार्थ जायसवाल को साक्ष्य के आधार पर आरोपित धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं सज्जन अग्रवाल और शिव पटेल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है।

# क्या स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी जाएगी या आरएसएस के होने का मिलेगा फायदा?



➢ मंत्री के साथ राज्य भर में बिगड़ी स्वास्थ्य विभाग की चाल...क्या कुर्सी बचा पाएंगे स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी?

➢ प्रदेश मंत्रिमंडल में ओबीसी वर्ग से अरुण साव,ओपी चौधरी,श्यामबिहारी जायसवाल,टंकराम वर्मा,लक्ष्मी राजवाड़े और लखन देवांगन मंत्री हैं क्या और होगी वृद्धि?

➢ 6 माह का निराशाजनक रहा स्वास्थ्य मंत्री का कार्यकाल,गृह जिले से लेकर पड़ोसी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं ने तोड़ा दम

➢ कार्यकाल खराब होने का परिणाम ही है कि अपने गृह क्षेत्र से लोकसभा मे 14 हजार से हुए पीछे

➢ आलोचना से घबरा रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल,मंत्री पद बचाने अब कर रहे जद्दोजहद

➢ पहले सिर्फ फोटोबाजी और हवाहवाई दावे और दिखावे में रहे मस्त

➢ क्या मंत्री पर भारी हैं निज सचिव जिनके इशारे पर ही होते हैं सारे काम?

➢ मंत्री पद बचाने मार रहे हाथ पांव,पूर्व सीएम का ले रहे सहाराःसूत्र

➢ जल्द होने वाला है प्रदेश की विष्णु सरकार का विस्तार,बचेंगे या जाएंगे स्वास्थ्य मंत्री,राजधानी से लेकर गृह क्षेत्र में चर्चा का विषय

➢ विभाग में मची है भर्राशाही,नही संभाल पा रहे स्वास्थ्य जैसा विभाग मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल

➢ दलालों और सप्लायरों से घिरे हैं मंत्री,सत्ता और संगठन भी चल रहे नाराज, मंत्री को किया गया है इशाराःसूत्र

➢ पार्टी पदाधिकारी और संघ से जुड़े लोगों का काम भी नही कर रहे स्वास्थ्य मंत्री, हुई शिकायत...

➢ मंत्री के स्टॉफ ने कॉल रिसीव ना करने की कसम खाई...शासकीय से लेकर निज स्टॉफ की कार्यप्रणाली पर उठ रही उंगली

➢ कोरबा लोकसभा से दो ओबीसी मंत्री बनाये जाने का भी नही मिला लाभ





-रवि सिंह-
एमसीबी/रायपुर 27 जून 2024 (घटती-घटना)।

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की कार्यप्रणाली इन दिनों सुर्खियां बनी हुई हैं विभाग का हाल प्रदेश भर में बेहाल है,स्वास्थ्य सुविधा बेपटरी हो गई है, मरीज कराह रहे हैं, परिजन दर दर भटक रहे हैं विभाग में दलाल और सप्लायरों का बोलबाला हैं उन्होने मंत्री को घेर लिया है, काम वहीं होता है जो दलाल चाहते हैं, निराशाजनक 6 माह के कार्यकाल और लोकसभा चुनाव में कोरबा की हार केन्द्रीय नेतृत्व को खटक रही है, निशाने पर स्वास्थ्य मंत्री भी हैं उन पर हटाये जाने की कार्यवाही भी हो सकती है लेकिन इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री ने हाथ पैर मारना शुरू कर दिया है। मंत्री के चाल ढाल को लेकर सत्ता से लेकर संगठन तक में शिकायत पहुंची है सूत्रों का कहना है कि इसके लिए मंत्री को इशारा भी कर दिया गया है लेकिन मंत्री हैं कि उनके सर पर पद का घमंड छाया हुआ है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में कुछ मंत्रियों की चाल बदल गई थी ठीक उसी प्रकार का हाल स्वास्थ्य मंत्री का हो चुका है, मंत्री पद बचा पाएंगे या नही कुछ कहा नही जा सकता, लेकिन सरकार के मुखिया को चाहिए के वे स्वास्थ्य जैसा महत्वपूर्ण विभाग जिम्मेदार और शांत स्वभाव के मंत्री के हाथ में दें दें। किसी भी सरकार में स्वास्थ्य,शिक्षा ये ऐसे विभाग हैं जिनके आम जन का सीधा सरोकार रहता है, इस विभाग को संभालने वाले मंत्री भविष्य में सरकार का भविष्य तय करते हैं वर्तमान में प्रदेश में बृजमोहन अग्रवाल जैसे कद्दावर नेता के द्वारा मंत्री पद छोड़ने के बाद शिक्षा मंत्री का पद भी रिक्त है और फिलहाल इस विभाग को खुद मुख्यमंत्री देख रहे हैं। रही बात एक अन्य महत्वपूर्ण विभाग स्वास्थ्य की तो इस विभाग का हाल प्रदेश भर में बेहाल हो चुका है, जनता बुरी तरह से परेशान है, मरीज अपने जान पर खेलकर शासकीय चिकित्सालय जा रहा है और इन कमियों के लिए जिम्मेदार हैं तो वह हैं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल। देखने में मिलता है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री फोटोबाजी में मस्त हैं साथ में चल रहे स्टॉफ विवादित हैं,इसलिए विभाग की दुर्दशा हो चुकी है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर -समाचार | अम्बिकापुर, गुरूवार 27 जून 2024 | 5

स्वास्थ्य मंत्री का छः महीने का कार्यकाल रहा निराशाजनक

क्या बचा पाएंगे मंत्री पद?

छः महीने के कार्यकाल में स्वास्थ्य मंत्री पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार की न तो जांच करा पाए और ना ही कार्यवाही ही तय की

छःमहीने का कार्यकाल खराब होने का परिणाम है अपने विधानसभा में अपने लोकसभा प्रत्याशी को बढ़त तक नहीं दिला पाए

स्वास्थ्य विभाग पर ध्यान देने से ज्यादा महत्वपूर्ण है इनके लिए राइस मिलर और राइस मिल?

अपने खुद के जिले के स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार से अनभिज्ञ नहीं इसके बावजूद पुराने सीएमएचओ और डीपीएम पर रहे मेहरबान,ट्रांसफर पोस्टिंग में दिखाई ज्यादा दिलचस्प

आलोचना से घबरा रहे है स्वास्थ्य मंत्री...मंत्री पद बचा रहे हैं इसके लिए अब दिखा रहे हैं तत्परता छः महीने रहे निष्क्रिय

छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल में होने वाले फेरबदल की सूची में इनका नाम होगा बाहर या फिर बदलेगा विभाग?

मंत्री पद ना जाए इसके लिए मार रहे हाथ पांव पूर्व मुख्यमंत्री का ले रहे सहारा

बैकुंठपुर विधायक ने भी इस बात की स्वीकारोक्ति प्रदान करते हुए खुलासा कर दिया

स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल पूरे पांच साल बुरा रहा

-रवि सिंह-
एमसीबी/रायपुर 26 जून 2024 (घटती-घटना)।

## सत्ता और संगठन में हुई मंत्री के रवैये की शिकायत

स्वास्थ्य मंत्री का कार्य व्यवहार काफी बदला हुआ है,ना तो संगठन के नेताओं की पूछपरख हो रही है और ना ही संघ से जुड़े लोगो की । मंत्री के कारनामें से आक्रोश बढता जा रहा है,जिसकी शिकायत भी सत्ता और संगठन के प्रमुख नेताओं से हुई है। बतलाया जाता है कि स्वास्थ्य मंत्री के परफार्मेंश को लेकर सत्त और संगठन को लगातार शिकायत मिल रही थी तालमेल का अभाव के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं को भी दरकिनार किया जा रहा था। आवश्यक कार्यो में लापरवाही के अलावा कई प्रकार की गंभीर शिकायतें भी आ रही थीं जिसके कारण स्वास्थ्य मंत्री को इशारा करते हुए काम धाम का तरीका बदलने की चेतावनी दे दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री को कहा गया है कि एक बार कुर्सी मिल गई है तो वह स्थायी नही है। कांग्रेस सरकार के करीबी रहे अधिकारी,कारोबारी और ठेकेदारों से दूर रहने की हिदायत भी स्वास्थ्य मंत्री को दी गई है जैसा कुशाभाउ ठाकरे परिसर रायपुर सूत्रों का कहना है।

## निराशाजनक रहा 6 माह का कार्यकाल

मनेंद्रगढ विधायक श्यामबिहारी जायसवाल को दिसंबर 2023 में मंत्री बनाया गया था और उन्हे उम्मीद के विपरीत स्वास्थ्य जैसा विभाग दे दिया गया बतलाया जाता है कि इतना बड़ा विभाग मिलने के बाद मंत्री और उनके कुछ खास स्टॉफ आउट ऑफ कंट्रोल की तरह काम कर रहे हैं। ना तो संगठन से जुड़े लोगो की पूछ परख है और ना ही संघ से जुड़े लोगों की। बतलाया जाता है कि संगठन समेत संघ के कई पदाधिकारियों ने कुछ कार्य के लिए स्वास्थ्य मंत्री से संपर्क किया लेकिन उनकी ओर से तवज्जो नही दी गई। बीते 6 महीने में प्रदेश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं ने दम तोड़ कर रख दिया है। ऐसे भी मामले सामने आए जिसमें स्वतः माननीय उच्च न्यायालय को संज्ञान लेना पड़ा। मंत्री के गृह जिले के चिकित्सालय में भी बड़ी घटना देखने को मिली। दुर्दशा का ही आलम है कि पड़ोसी जिले कोरिया के विधायक भैयालाल राजवाड़े जब जिला चिकित्सालय पहुंचते हैं तो कमियों को देखकर कहना पड़ता है कि व्यवस्था सुधारो या फिर एक कमरा अस्पताल में ही मुझे दे दो इससे ज्यादा विभाग की दुर्दशा का उदाहरण और क्या हो सकता है। आलम यह है कि चिकित्सालयों में काकरोज घुम रहे हैं मरीज चादर इत्यादि खुद घर से लेकर जा रहे हैं पानी नही मिल रहा है, एक एक सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। यही हाल प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालय और अन्य अस्पतालों का बना हुआ है, ध्यान सिर्फ खरीदी और भुगतान पर है बाकि स्वास्थ्य सुविधा ने दम तोड़ दिया है।

## पूरे प्रदेश में बेपटरी हुई स्वास्थ्य सुविधा

स्वास्थ्य सुविधा प्रदेश भर में बेपटरी हो गई है,कोई ऐसा चिकित्सालय नही जो आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सके। ना तो डॉक्टर ध्यान दे रहे हैं और न ही अन्य स्टॉफ। सारा का सारा ध्यान सिर्फ मलाईदार पदों पर पोस्टिंग तक सीमित रह गया है। शासकीय आवास में पद के दावेदारों की लाईन देखी जाती है। सब अलग अलग कोने में अपनी अपनी सेटिंग करते देखे जाते हैं। जिसका वजन ज्यादा होगा उन्हे ही मलाईदार पर नियुक्ति दी जा रही है। दलाल और सप्लायर मनमाफिक काम करा रहे हैं। विभाग का हाल इतना बुरा होगा यह शायद प्रदेश नेतृत्व को भी संभावना नही रही होगी।

## मंत्री पर भारी है निज सचिव

किसी भी मंत्री के साथ काम कर रहे स्टॉफ मंत्री के इशारे पर काम करते हैं और उनके ही निर्देश पर चलते हैं लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री पर निज सचिव बहुत भारी हैं। बतलाया जाता है कि मंत्री बनते ही निज सचिव के लिए पत्र सामान्य प्रशासन विभाग को लिखा गया था लेकिन आदेश जारी नही हुआ उसके बाद भी निज सचिव के द्वारा पूरे रौब से काम किया जा रहा है। आलम यह है कि मंत्री कोई भी काम निज सचिव से पूछे बिना नही करते जिस काम के लिए निज सचिव राजी होंगे वही काम होगा अन्यथा काम नही होगा चाहे कोई सर पटकता रह जाए। बतलाया जाता है कि प्रदेश के कई नेता और यहां तक कि कई विधायक भी काम के लिए संपर्क करते हैं लेकिन काम वही होता है जिस पर निज सचिव तैयार होते हैं। यहां तक कि किसी फाईल पर हस्ताक्षर करने के पहले भी निज सचिव अपनी राय देते हैं जैसा कि सूत्रो का कहना है। हाल देखकर कहा जा सकता है कि प्रदेश के एकमात्र मंत्री हैं जिन पर निज सचिव भारी हैं।

## दलालो और सप्लायरों से घिरे स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री को राजधानी रायपुर के शंकर नगर इलाके मे शासकीय आवास मिला हुआ है उक्त आवास के जिर्णोद्धार का सारा काम मंत्री और निज सचिव की इच्छा पर एक दलाल के द्वारा ही कराया गया है। इस बंगले पर हर समय दलाल और पुराने सप्लायर का घेरा बना रहता है। मंत्री को ऐसे गिरोह ने घेर कर रखा है जो कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी विभाग में सप्लाई का काम किया करते थे।

## एकमात्र मंत्री जिनके गृह क्षेत्र में 14 हजार की हार

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अपने नाम एक से एक रिकार्ड भी दर्ज करते नजर आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का इतना बुरा हाल तो पहले कभी नही रहा इनके कार्यकाल में विभाग सुर्खियां बटोर ही रहा है बीते चुनाव में मंत्री ने अपने गृह क्षेत्र में भाजपा को 14 हजार से अधिक वोटों से पीछे ले जाकर भी अपनी अलोकप्रियता सिद्ध कर दिया है। इतने अधिक मतो से पीछे रहना यह बतलाता है कि मंत्री का खुद उनके गृह क्षेत्र में पकड़ नही है और 61 बूथों में 55 से अधिक बूथो में भाजपा को 14हजार से अधिक मतों से हार का सामना करना पड़ता है। इस आंकडों के साथ उन्होने रिकार्ड बना लिया है प्रदेश का कोई ऐसा मंत्री नही जिसके विधानसभा के गृह क्षेत्र से इतने अधिक मतों से भाजपा की हार हुई हो।

## मंत्री पद बचाने के लिए अब लगा रहे जोर आजमाईश

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद काफी चिंतित हैं ऐसा सूत्रों का कहना है। चुनाव में हार से मंत्री की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। प्रदेश स्तर पर इस बात की चर्चा भी है,और यह कहा भी जा रहा है कि यदि मंत्रीमंडल से किसी सदस्य को हटाया जाता है तो उसमें स्वास्थ्य मंत्री का नंबर सबसे पहले लगेगा। आखिर चर्चा सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री की ही क्यों हो रही है यह सवालिया निशान है। सूत्रों का कहना है कि मंत्री को हटाये जाने का अंदेशा है इसलिए उनके द्वारा जोर आजमाईश लगाना शुरू कर दिया गया है। पूर्व सीएम के पास जाकर भी कुर्सी बचाने का आशिर्वाद मांगा जा रहा है।

## कॉल रिसीव भी नही करता स्वास्थ्य मंत्री का स्टॉफ

स्वास्थ्य मंत्री का स्टॉफ आउट आफ कंट्रोल है,सभी को सत्ता का नशा है। आलम यह है कि जरूरत पड़ने पर यदि कोई प्रमुख व्यक्ति भी मोबाईल पर संपर्क करता है तो कॉल रिसीव नही किया जाता।

## स्टाफ भी है विवादित इसलिए गिरी मंत्री की साख

मंत्री की कार्यशैली के साथ साथ उनका विवादित स्टॉफ भी उनकी साख के लिए जिम्मेदार है। स्टॉफ में विशेष सहायक से लेकर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी काफी चर्चित हैं। एक अधिकारी तो श्रवण बाधित प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे हैं। कुछ ऐसे लोग भी काम रहे थे जो कि कांग्रेस सरकार में भी सक्रिय थे हलांकि उनमें से दो लोगो को हटा दिया गया है। उसके बाद भी विवादित स्टॉफ काम कर रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री से नही संभल रहा जनता से जुड़ा विभाग

स्वास्थ्य विभाग एक ऐसा विभाग है जिससे आम जन सीधा जुड़ा रहता है। प्रदेश में किसान वर्ग अधिकाधिक संख्या मे हैं वह इतना सक्षम नही है कि बड़े निजी अस्पतालों मे जाकर मंहगा ईलाज करा सके। इसलिए प्रदेश की एक बड़ी जनसंख्या शासकीय चिकित्सालय पर ही भरोसा करती है लेकिन इन दिनों इस विभाग की और चिकित्सालयों की दुर्दशा देखकर आम जन भी परेशान है। इससे सरकार की भी किरकिरी हो रही है। मंत्रीमंडल में अब अतिशीघ्र दो सदस्यों को स्थान मिलना है जिसके बाद पूरी संभावना है कि कई मंत्रियों के विभाग बदल दिए जाएंगे। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी किसी अन्य मंत्री को दिया जा सकता है जिससे सरकार की साख बची रह सके।

## अचार संहिता से ठीक पहले हुई खरीदी विवादित

देश भर में लोकसभा चुनाव हेतु अचार संहिता मार्च में प्रभावी हुई थी,और इसके ठीक पहले भी स्वास्थ्य विभाग में प्रदेश भर में खरीदी की गई जो कि अब विवादित हो चुकी है। सूत्रो ने बतलाया कि अचार संहिता के ठीक पहले बजट जारी किया गया एक ही दिन में क्रय समिति बना ली गई बैठक भी हो गया, खरीदी का आर्डर भी कर दिया गया और सप्लाई भी हो गई यह सब आनन फानन में किया गया। लगभग 40 करोड़ की राशि से खरीदी की गई जिसमें एक दलाल की भूमिका संदिग्ध है।

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीए का भतीजा बना करीबी

प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव के पीए विनोद गुप्ता का भतीजा सौरभ गुप्ता जो कि अब भाजपा सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का करीबी बना हुआ है उसके द्वारा मंत्री का सारा काम काज संभाला जा रहा है। कांग्रेस से जुड़े लोगो का काम आसानी से अब स्वास्थ्य मंत्री के यहां से हो रहा है। प्रदेश के कई जिलों के अधिकारी तक उक्त व्यक्ति द्वारा संपर्क कर कई चीजों को लाईनअप किया जा रहा है। बतलाया जाता कि छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा उप अभियंता सौरभ गुप्ता को मंत्री के निज सचिव की इच्छा पर निर्माण संभाग रायपुर में संलग्न किया गया है और वह मंत्री के इर्द गिर्द ही सक्रिय होकर काम कर रहा है।

## गजेंद्र यादव मंत्री बने तो बाहर होगा एक ओबीसी चेहरा

प्रदेश में इन दिनों जिस प्रकार से मंत्रिमंडल विस्तार या पुनर्गठन की चर्चा है उसके अनुसार यदि दुर्ग संभाग और आरएसएस बैक ग्राउंड से आने वाले गजेंद्र यादव को मंत्री बनाया जा सकता है वे आरएसएस के पूर्व प्रांत प्रचारक बिसरा राम यादव के सुपुत्र हैं उन्हें आरएसएस की ओर से आगे किया जाने की खबर है। हालाकी अभी प्रदेश मंत्रिमंडल में ओबीसी वर्ग से अरुण साव, ओपी चौधरी, श्यामबिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े और लखन देवांगन मंत्री हैं यदि गजेंद्र यादव को मंत्री बनाया जाता है तो संख्या 7 हो जायेगी इससे सही संदेश नही जायेगा और संतुलन भी बिगड़ेगा। जानकारों का कहना है कि यदि गजेंद्र यादव को मंत्री बनाया जाता है तो वर्तमान के एक ओबीसी वर्ग से आने वाले मंत्री की छुट्टी भी हो सकती है,ऐसे में यदि स्वास्थ्य मंत्री को हटाया जाता है तो कोई बड़ी बात नहीं।

## अजय जामवाल और पवन साय दिल्ली पहुंचे

अभी हाल ही में प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय दिल्ली गए हुए थे उनके आने के बाद कयास लग रहे थे कि 2 मंत्रियों की नियुक्ति जल्द हो सकती है लेकिन अब यह खबर मिल रही है कि अब क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय दिल्ली गए हुए हैं जहां उनकी मुलाकात संगठन के प्रमुख नेताओं से होगी। लोकसभा चुनाव की विधानसभा वार जानकारी भी दिल्ली दरबार में दी जा सकती है और उसी आधार पर मंत्रिमंडल का नया चेहरा तय होगा जैसा सूत्रों का कहना है। यदि लोकसभा के हिसाब से मंत्रियों के कुर्सी की बात होगी तो यह तय है कि कोरबा लोकसभा से आने वाले मंत्री ही हटाने के क्रम में सबसे आगे होंगे। उल्लेखनीय है कि कोरबा लोकसभा सीट केंद्र की नजर में था यही कारण है कि खुद यहां गृह मंत्री अमित शाह ने सभा ली थी उसके बाद भी स्थानीय नेताओं ने इस सीट को गंभीरता से नहीं लिया और अंततः हार का सामना करना पड़ा जिस पर केंद्रीय नेतृत्व खासा नाराज है।

## बचेगी कुर्सी या जाएगी अभी कुछ तय नहीं

प्रदेश में अतिशीघ्र मंत्रीमंडल का विस्तार किया जाना है,संभावना है कि कुछेक मंत्रियों को बदल कर कुछ पुराने नेताओं को भी मंत्री पद दिया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की कुर्सी संभालने के बाद मंत्री के द्वारा दशा सुधारने कोई ठोस निर्णय नही लिया गया। देखने में मिला कि उनके इर्द गिर्द घोटालेबाजों से लेकर दलाल और सप्लायरों का घेरा है। स्वास्थ्य मंत्री फोटोबाजी पर ज्यादा फोकस करते हैं वे प्रदेश के एकमात्र ऐसे मंत्री हैं जो साथ में ड्रोन कैमरा लेकर चलते हैं। कोरबा लोकसभा की हार के बाद स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। बतलाया जाता है कि खुद मंत्री जी करीबी लोगों से इस बात का अंदेशा व्यक्त कर चुके हैं, उन्होने ऐसा काम नही किया जिससे कि स्वास्थ्य विभाग की दशा सुधार सके इस वजह से ही उनके मन में हटाये जाने का डर बैठा हुआ है। अभी हटाया जाता है या नही यह तो कहा नही जा सकता लेकिन अगले हर समय उन्हे हटाये जाने का भय बना रहेगा। संभवतऽइसलिए स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के जिलों का दौरा शुरू कर दिया है

CMYK

# प्रभारी रहने की आदत...अचानक किसी के अधीनस्थ होकर काम कैसे करेंगे,क्या इस बात का डर सता रहा उप निरीक्षक को?

### बसदेई चौकी प्रभारी का हुआ तबादला,तबादला आदेश जारी होते ही लिया उन्होंने अवकाश

### बसदेई चौकी से कोतवाली सूरजपुर भेजे गए उप निरीक्षक बिना प्रभार नहीं करते काम,अब प्रभार के लिए ही लिया अवकाश

### स्वास्थ्य मंत्री के पास पहुंचे हैं अपने लिए सिफारिश की लिए आस,प्रभारी बनाने की लगा रहे गुहारःसूत्र

### फिर से उप निरीक्षक लगाएंगे मंत्री के पास पैरवी और स्थानांतरण सूची में करेंगे फिर बदल?

-ओंकार पाण्डेय-
सुरजपुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।
पुलिस विभाग पहले अपने अनुशासन के लिए जाना जाता था वहीं अब वही विभाग अपने कर्मचारियों की मनमानी के लिए जाना जाने लगा है। पहले विभाग के उच्च अधिकारी और विभाग के द्वारा समय समय पर जारी निर्देश और जारी तबादला आदेश तत्काल पुलिस विभाग के कर्मचारी अधिकारी स्वीकार कर लेते थे वहीं अब ऐसा नहीं देखने को मिलता है और अब यदि तबादला आदेश गलती से भी जिले के उच्च अधिकारी संभाग के उच्च अधिकारी या पुलिस मुख्यालय के उच्च अधिकारी जारी करते हैं उसको लेकर असहमति तत्काल समाने आ जाती है और तबादला रुकवाने मनचाही पोस्टिंग पाने कर्मचारी जोड़ जुगाड में लग जाते हैं। चूंकि पुलिस विभाग कानून व्यवस्था से जुड़ा विभाग है और समय समय पर विभाग के उच्च अधिकारी मिलने वाली सूचनाओं आधार पर कर्मचारियों को इधर से उधर करते हैं ऐसे में यदि उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना इसी तरह जारी रही तो वह दिन भी दूर नही जब तबादले से नाखुश कर्मचारी हड़ताल पर न बैठ जाएं।

बता दें कि हाल ही में सूरजपुर जिले के पुलिस कप्तान ने जिले की कानून व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से निरीक्षक उप निरीक्षक,सहायक उप निरीक्षक ,प्रधान आरक्षक सहित आरक्षकों का तबादला जिले के ही भीतर एक जगह से दूसरे जगह किया गया है वहीं आदेश जारी होने उपरांत ही अब आदेश को लेकर अस्वीकार्यता देखने सुनने को मिल रही है और एक उप निरीक्षक तो नाराजगी और



कार्यालय उ.म.नि. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सूरजपुर
आदेश

निम्नांकित अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण से उनके नाम के सम्मुख दर्शित स्थल पर अग्रिम आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से स्थानान्तरित कर पदस्थ किया जाता है:-

| क्र0 | पदनाम | नाम अधि0/कर्म0 | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|---|
| 01 | निरीक्षक | जगन कँवर | थाना प्रभारी ओड़गी | थाना प्रभारी भटगॉव |
| 02 | निरीक्षक | राजेन्द्र साहू | थाना प्रभारी भटगॉव | प्रभारी जिविशा.सूरजपुर |
| 03 | निरीक्षक | फर्दीनंद कुजूर | प्रभारी जिविशा.सूरजपुर | संशोधित कर प्रभारी यातायात |
| 04 | निरीक्षक | मनीप्रसाद राजवाड़े | थाना प्रभारी रमकोला | थाना प्रभारी ओड़गी |
| 05 | निरीक्षक | नीलांबर मिश्रा | र.के. सूरजपुर | प्रभारी साईबर सेल |
| 06 | निरीक्षक | प्रमोद किसपोट्टा | र.के. सूरजपुर | थाना प्रभारी रमकोला |
| 07 | निरीक्षक | नरेन्द्र सिंह | र.के. सूरजपुर | थाना प्रभारी जयनगर |
| 08 | उ.नि. | विजय सिंह | चौकी प्रभारी बसदेई | थाना सूरजपुर |
| 09 | उ.नि. | विवेक खलखो | थाना प्रतापपुर | थाना सूरजपुर |
| 10 | स.उ.नि. | बृजकिशोर पाण्डेय | प्रभारी यातायात | थाना ओड़गी |
| 11 | स.उ.नि. | बबिता यादव | र.के. सूरजपुर | थाना सूरजपुर |
| 12 | प्र.आर. 222 | इसित बेहरा | थाना सूरजपुर | थाना चॉदनी |
| 13 | आर. 514 | रजनीश पटेल | थाना भटगॉव | र.के. सूरजपुर |
| 14 | म.आर.211 | सरिता कुजूर | थाना भटगॉव | थाना रामा0नगर |
| 15 | आर. 603 | दिनेश ठाकुर | थाना जयनगर | थाना भटगॉव |

प्रभारी अधिकारी संबंधित को तत्काल प्रभाव से रवानगी देवें।

असहमती जताते हुए अवकाश पर ही चले गए हैं ऐसी भी जानकारी सूत्रों से मिल रही है। वैसे जो उप निरीक्षक आदेश जारी होते ही अवकाश पर चले गए हैं वह वर्तमान में बसदेई पुलिस चौकी प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे वहीं जारी आदेश में उन्हे कोतवाली भेजा गया है और यही उनकी नाराजगी की वजह है क्योंकि वह बिना प्रभार लिए या बिना प्रभारी रहे काम ही नही करते यह उनकी खासियत रही है और वह जब से नौकरी में हैं उन्हे प्रभार में ही रहने की आदत है चाहे सरकार भाजपा की रही हो या कांग्रेस की सभी में उनका जुगाड कायम रहा है और सभी दलों की सरकार में वह प्रभारी ही रहे हैं। अब जब उन्हे कोतवाली भेजा गया है जहां वह निरीक्षक के अधीन हो जाएंगे उन्हे यह बात नागवार गुजरी है और वह आदेश जारी होते ही अवकाश पर चले गए हैं।

### उप निरीक्षक एक ही जिले में बने बैठे रहे हैं वही उप निरीक्षक बनने उपरांत यह नक्सल क्षेत्र में भी सेवा प्रदान करने नहीं गए हैं...

बता दें की सूत्रों का यह भी कहना है की वह सीधे स्वास्थ्य मंत्री की शरण में जा पहुंचे हैं और उनका साफ निवेदन है की उन्हे प्रभारी ही बनाया जाए चाहे जहां का बनाया जाए। वैसे यह वही उप निरीक्षक हैं जो अब तक के सेवाकाल में एक सिपाही से उप निरीक्षक एक ही जिले में बने बैठे रहे हैं वही उप निरीक्षक बनने उपरांत यह नक्सल क्षेत्र में भी सेवा प्रदान करने नहीं गए हैं जबकि नियमानुसार इन्हे नक्सल क्षेत्र में भी कुछ वर्ष सेवा प्रदान करना आवश्यक है। वैसे किसी तरह उनका तबादला विभाग जब कर पाया तब उन्हे उस जिले से भी अन्य जिले भेजने में काफी मशक्कत करनी पड़ी थी विभाग को क्योंकि उन्होंने तबादला उपरांत तब भी एमसिबी जिले से सूरजपुर जिले जाने में कम सहमति जताई थी और अंत में वह तब ही सुरजपुर जिले गए जब उन्हे चौकी प्रभारी बनाया गया। वैसे बसदेई चौकी प्रभारी रहते हुए उन्होंने कोई विशेष कार्य कानून व्यवस्था के लिहाज से नहीं किया है वहीं उनके प्रभारी रहते हुए चौकी क्षेत्र में अवैध कारोबार जमकर फलाफुला है और एक बार तो खुद जिले के तत्कालीन कप्तान को चौकी क्षेत्र में जारी बड़े जुआ फड़ पर जिले की अन्य थानों की पुलिस बल से छापा डलवाना पड़ा था और लाखों रुपए नकद सहित कई जुआड़ी पकड़े गए थे। वहीं उस दौरान यह बात भी सामने आई थी की चौकी के पुलिसकर्मी जुआ फड़ को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं और इसीलिए चौकी के पुलिसकर्मियों को भनक भी नहीं लगी थी और छापा पड़ा जहां जुआड़ी और नकद रकम पकड़ी गई।

### प्रभारी रहने की आदत,अचानक किसी के अधीनस्थ होकर काम कैसे करेंगे क्या इस बात का डर सता रहा?

वैसे उप निरीक्षक जिन्हे चौकी से कोतवाली सूरजपुर भेजा गया है वह कोतवाली में काम करने तैयार नही है ऐसा सूत्रों का कहना है और इसलिए वह फिलहाल अवकाश पर हैं और ऐसी स्थिति को लेकर यह भी कहा जा रहा है की उन्हे प्रभारी ही रहने की आदत है वह बिना प्रभार किसी के अधीन होकर काम करने में खुद को असमर्थ मानते हैं या डरते हैं की उनकी कार्यप्रणाली जो अब तक स्वतंत्र रही है वह एकाएक अधीन हो जायेगी और उन्हे हर बात पर अनुमिति की भी जरूरत पड़ेगी वहीं उनके कार्यों पर निगरानी होगी इसलिए वह कहीं न कहीं भयभीत हैं। वैसे उनका डर अपने जगह अच्छा भी है क्योंकि पहली बार शायद उन्हे यह आभास होने जा रहा है की उनके पद के ऊपर भी एक पद है जो उन्हे अब नियंत्रित करने वाला है।

### फिर से उप निरीक्षक लगाएंगे मंत्री के पास पैरवी और स्थानांतरण सूची में करने कहेंगे फेरबदल?

उप निरीक्षक बताया जा रहा है की अब स्वास्थ्य मंत्री की शरण में हैं और वह अब उनके पास पैरवी लगवा रहे हैं जिससे तबादला सूची पुनः उनके आदेश में संशोधन कर जारी किया जाए और उन्हे प्रभारी ही बनाया जाए।वैसे यदि उप निरीक्षक का तबादला प्रभारी के रूप में किया जाता है तो यह भी तय हो जायेगा की पुलिस विभाग में भी अनुशासन समाप्त हो गया और अब विभाग में भी नेतागिरी हावी हो गई है। वैसे पुलिस विभाग में नेतागिरी करने वाले यह उप निरीक्षक खुद के लिए तो नेतागीर करते ही हैं वह अन्य को भी स्वास्थ्य मंत्री के पास अपनी पकड़ बताकर बरगलाते हैं और उन्हे भी अनुशासन भंग करने की नसीहत देते हैं। उप निरीक्षक का तबादला यदि रुकता है या आदेश बदला जाता है तो यह तय हो जायेगा की उप निरीक्षक का जुगाड तगड़ा है और वह कानून व्यवस्था पुलिस के अनुशासन से ऊपर हैं और उनके ऊपर कोई नहीं है।

**बसदेई क्षेत्र में बंद होंगे अवैध कारोबार,अब उम्मीद बढ़ी-** उप निरीक्षक को बसदेई चौकी के प्रभारी पद से हटाए जाने के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है की अब चौकी अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में अवैध कार्य बंद होंगे और अब चौकी क्षेत्र में अवैध कारोबारियों का बेखौफ राज भी समाप्त होगा। वैसे माना यह भी जा रहा है की चौकी से एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को भी हटाए जाने की जरूरत है तभी चौकी क्षेत्र में अवैध कारोबार पूरी तरह बंद होंगे।



## शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक देकर एवं तिलक लगाकर किया गया स्वागत

-संवाददाता-
कोरबा,27 जून 2024 (घटती-घटना)।
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पंप हाउस तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा में उत्साह एवं उल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर एवं पार्षद श्री राजकिशोर प्रसाद शामिल हुए। उनके द्वारा सभी कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक कर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि जीवन में षिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हमें ज्ञान की प्राप्ति होती है। शिक्षा से जुड़कर विद्यार्थी सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी पालकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की अपील शिक्षकों से की। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें भी प्रदान की गई। नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही विद्यार्थियों में अध्ययन के लिए उत्साह नजर आया। कन्या शाला साडा में महापौर के साथ वार्ड की पार्षद सुश्री नीतू चौरसिया भी उपस्थित थीं। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को निरंतर विद्यालय आने की प्रेरणा दी। शाला प्रवेशोत्सव के लिए पूरे विद्यालय को फूलों एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। विद्यालय के प्राचार्य श्री विवेक लांडे, साडा कन्या स्कूल के प्राचार्य श्री रणधीर सिंह सहित पूरे शिक्षकों द्वारा अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि सहित अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने न्योता भोज के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

## भाजपा ने आपातकाल के विरोध में मनाया काला दिवस अटल कुंज में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

### लोकतंत्र की हत्या करने वाले आज संविधान बचाने की झूठी बात कर रहे, कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए:अनुराग सिंहदेव



-संवाददाता-
सुरजपुर,27 जून 2024 (घटती-घटना)।
भाजपा द्वारा आपातकाल के विरोध में मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में काला दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं बिलासपुर संभाग के भाजपा प्रभारी अनुराग सिंहदेव थे। श्री सिंहदेव ने कहा आपातकाल के काले अध्याय के लिए कांग्रेस पार्टी को जनता से माफी मांगनी चाहिए। आपातकाल देश की जनता के लिए काला दिवस था, जिसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इतिहास के पन्नों को भी काला करने का काम किया है। आपात काल में इंदिरा सरकार ने मनमानी करते हुये जनसंघ के बड़े नेताओं को जहां जेल में बंद कर दिया था। वहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर लगाम लगाने मीडिया संस्थानों में ताला लगवा दिया था। आपातकाल में जनता के बोलने की आजादी छीन ली गई थी। उन्होंने कहा संविधान की हत्या कर आपातकाल लगाने वाले आज संविधान बचाने की झूठी दुहाई देकर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने आपातकाल के बारे में बोलते हुए कहा जो आज की पीढ़ी है, उन्हें यह जानना बेहद जरूरी है कि किस प्रकार आपातकाल के दौरान अभिव्यक्ति की आजादी को भी बुरी तरह कुचल दिया गया था। मीडिया पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया था। आपातकाल के तुरंत बाद अखबारों के दफ्तरों की बिजली काट दी गई, ताकि ज्यादातर अखबार आपातकाल के काले अध्याय के बारे में कोई भी खबर न छाप सके। 327 पत्रकारों को मीसा कानून के तहत जेल में बंद कर दिया गया। विदेशी संवाददाताओं को देश से बाहर जाने का आदेश दे दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय, आपातकाल (25 जून, 1975) पर आपातकाल के समय पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने राष्ट्र के लोगों को किस तरह प्रताड़ित किया, कैसे संविधान को पंगु बनाया प्रजातंत्र का गला घोंटा, इस विषय पर अपने विचार रख संगोष्ठी को संबोधित किया। इस सभा को मीसाबंदी रहे चरण सिंह, कुलवन्त सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने किया।

### मीसाबंदियो का शाल श्रीफल से हुआ सम्मान

भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल के समय जेल में सूरजपुर के मीसाबंदी रहे चरण सिंह, कुलवन्त सिंह जैसे वरिष्ठों का शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ प्रदान कर जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में सम्मान भी किया गया।




## फर्जी मार्कशीट के सहारे नौकरी कर रहे चार प्रधान पाठक निलंबित

-संवाददाता-
कोरबा,27 जून 2024 (घटती-घटना)।
कोरबा डीईओं ने 4 प्रधान पाठकों को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि शिक्षाकर्मी वर्ग-3 की भर्ती के वक्त 12वीं बोर्ड की कूटरचित मार्कशीट जमाकर शिक्षक की नौकरी प्राप्त की थी। शिकायत के बाद जांच में इस बात का खुलासा होने पर डीईओं ने चारों प्रधान पाठकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि निलंबन की कार्रवाई के बाद चारों प्रधान पाठकों के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के मुताबिक शिक्षा विभाग में फर्जीवाड़े का ये पूरा मामला कोरबा विकासखंड का है। बताया जा रहा है कि साल 2007 में कोरबा जनपद द्वारा शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की भर्ती का आवेदन लिया गया था। इस भर्ती प्रकिया में मिनेश कौशिक, विनोद निराला, राम लाल जांगड़े और दिलीप कुर्रे द्वारा कूटरचित 12वीं बोर्ड की सर्टिफिकेट जमा की गयी थी। इस मामले पर 15 साल बाद शिकायत होने पर जिला शिक्षाधिकारी द्वारा जांच का आदेश दिया गया।बीईओं संजय अग्रवाल द्वारा मामले की जांच शुरू की गयी। जांच में भर्ती प्रक्रिया के वक्त जमा किये गये अंकसूची और सेवा पुस्तिका में प्रस्तुत अंकसूची में अंतर पाया गया। इस खुलासे के बाद डीईओं टी.पी.उपाध्याय ने मौजूदा वक्त में कोरबा विकासखंड के प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ चारों प्रधान पाठकों को निलंबित कर दिया है। डीईओं टी.पी.उपाध्याय ने बताया जांच में शिकायत सही पाये जाने पर सबसे पहले निलंबन की कार्रवाई की गयी है। जल्द ही चारों प्रधान पाठकों के खिलाफ आरोप पत्र तय कर उनकी बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी।

## कोरबा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा विशेष अभियान

### थाना/चौकी के गुंडा एवं निगरानी बदमाशों का किया गया गुज़र जांच और दी गयी सुधर जाने की चेतावनी

-संवाददाता-
कोरबा,27 जून 2024 (घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे) से प्राप्त दिशा निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दर्री श्री रविंद्र मीणा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी के निर्देश पर थाना/चौकी में चलाया गया विशेष अभियान । दर्री सब डिवीजन के थाना/चौकी जिसमें थाना दर्री, थाना बांकीमोंगरा, थाना कुसमुंडा, थाना दीपका एवं चौकी सर्वमंगला क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले गुंडा एवं निगरानी बदमाश तथा विगत 1 वर्ष में जेल से रिहा हुए संपत्ति संबंधी अपराधों (चोरी,लूट,डकैती आदि) में संलिप्त आरोपियों की चेकिंग हेतु अभियान चलाया जा रहा है।



नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविन्द्र मीणा (भा. पु.से.)द्वारा दर्री डिवीजन के समस्त थाना चौकी क्षेत्र के लगभग 30 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों के साथ-साथ संपत्ति संबंधी अपराध में रिहा हुए को तलब किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक दर्री द्वारा कानून के दायरे में रहकर सुख शांति से जीवन यापन करने तथा किसी प्रकार के कोई अवैध गतिविधियों में शामिल नही होने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समझाइस दिया गया। चेकिंग के दौरान दर्री डिवीजन के थाना/चौकी क्षेत्र में निवासरत गुंडा एवं निगरानी बदमाश, पिछले 1 वर्ष में जेल से रिहा हुए संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को उनके निवास स्थान पर जाकर भौतिक रूप से चेक किया गया तथा कुछ को थाने बुला कर चेक किया गया। इसमें आरोपियों के वर्तमान में उनके आजीविका के साधन, उनके निवास आदि में हुए परिवर्तन सहित अन्य जानकारियां एकत्र की गयी। गुंडा तथा निगरानी बदमाशों के आजीविका के वर्तमान साधनों के बारे में जानकारी ली गयी तथा इन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने हेतु कड़ी चेतावनी दी गयी। अपने निवास स्थान पर अनुपस्थित पाए गए व्यक्तियों की पतासाजी की जाकर उनकी भी गुज़र जांच की जा रही है। कई तो अब अपराधिक जगत को छोड़ कामकाज में लग गए हैं जिसमें कोई गाड़ी चला रहा है कोई सब्जी बेच रहा है कोई मजदूरी कर रहा है उन लोग अपराधिक जीवन को छोड़कर सामाजिक जीवन जी रहे हैं। पुलिस के द्वारा सभी को मूल धारा में जुड़े रहने के लिए समझाईश दिया गया।

**न्यायालय तहसीलदार,अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आर.ऐन्थोनी थॉमस स्व. सामूएक राजन निवासी केदारपुर थाना-तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (माता) एंगलीना राजन पति स्व. सामूएक राजन की दिनांक 18/11/2018 को स्थान निवास में हुई है।
आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयक नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 17/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अंबिकापुर सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर,छ0ग0**

क्र. 291 राजस्व प्रकरण क्र./ब 121 /2024/ 26.06.2024

**ईश्तहार**

आवेदिका का नाम राम अधार सोनवानी स्व. सम्मल राम जाति-चमार निवासी ग्राम चन्दरपुर प0ह0नं0 तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने पत्नि नेवाजी बाई मृत्यु जन्म दिनांक 25/05/1989 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो तो दिनांक 29/07/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2024 को जारी किया जाता है

सील
तहसीलदार
सूरजपुर

## संक्षिप्त खेल समाचार

### क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया

**कोलंबो,27 जून 2024।** श्रीलंका के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने बृहस्पतिवार को टी 20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने भी सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सिल्वरवुड ने एक बयान में कहा ,''अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब लंबे समय तक अपनों से दूर रहना है। अपने परिवार से सलाह लेने के बाद मैं भारी मन से घर लौटने और परिवार के साथ समय बिताने का फैसला ले रहा हूं।''



उन्होंने कहा ,''श्रीलंका क्रिकेट का हिस्सा रहना मेरे लिये फख्र की बात रही है। मैं काफी अच्छी यादें लेकर जा रहा हूं।'' श्रीलंकाई टीम टी 20 विश्व कप के ग्रूप चरण से ही बाहर हो गई थी जो आईसीसी टूर्नामेंट में उसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है।

### जॉर्जिया ने रोनाल्डो की पुर्तगाल को हराकर किया बड़ा उलटफेर



**नई दिल्ली,27 जून 2024।** मैच से पहले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से हुई बातचीत ने ख्विचा कवारात्सखेलिया को इतना प्रेरित किया कि उनकी टीम जॉर्जिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का बड़ा उलटफेर करते हुए रोनाल्डो की पुर्तगाल को 2 . 0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। रोनाल्डो के प्रशंसक जॉर्जिया के सात नंबर जर्सी वाले कवारा त्सखेलिया ने मैच से ठीक पहले अपने पसंदीदा खिलाड़ी से बात की। उन्हें रोनाल्डो की शर्ट भी तोहफे में मिली और इसी खिलाड़ी ने मैच में पहला गोल दाग दिया।रोनाल्डो अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं। जॉर्जिया को नॉकआउट में पहुंचने के लिये यह मैच हर हालत में जीतना था । उसने 93वें सेकंड में बढत बना ली जब जार्जेस एम के पास पर कवारात्सखेलिया ने गेंद गोल के भीतर डाला। दूसरा गोल 57वें मिनट में जॉर्जेस मिकाउतात्जे ने दागा । पुर्तगाल ग्रुप एफ से पहले ही क्वालीफाई कर चुका है जबकि जॉर्जिया तीसरी सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में पहुंचा। अब उसका सामना स्पेन से होगा जबकि पुर्तगाल की टक्कर स्लोवेनिया से होगी।

#### राउंड ऑफ 16 के लिए बेल्जियम ने किया क्वॉलीफाई

बेल्जियम ने यूक्रेन से गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया ।

# साउथ अफ्रीका पहली बार फाइनल में पहुंची

» अफगानिस्तान को हराया... चोकर्स का दाग मिटाया...

» 7 बार सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी...



**गुयाना,27 जून 2024।** साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। अफ्रीका पहली बार ही किसी वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है। टीम पर लगा चोकर्स का दाग भी मिट गया है। साउथ अफ्रीका 5 बार वनडे और 2 बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है। फाइनल की दूसरी टीम का फैसला रात 8 बजे गुयाना के प्रॉविडेंस स्टेडियम में होगा। यहां इंडिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगी।

पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीता। त्रनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम की पिच पर पहले बैटिंग की। अफगानिस्तान 56 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 1 विकेट खोकर ये टारगेट हासिल कर लिया। रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच बने 3 ओवर में 3 विकेट लेने वाले मार्को यानसन।

### सेमीफाइनल की 3 अहम बातें

अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल का सबसे छोटा स्कोर बनाया, सिर्फ 56 रन। 20 ओवर में सिर्फ 11.5 ओवर खेली।

साउथ अफ्रीका ने 1992 से वर्ल्ड कप खेलना शुरू किया, 32 साल बाद फाइनल में पहुंची है।

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने मैच से पहले कहा था कि उनकी टीम ने ज्यादा नींद नहीं ली है यानी बड़े मैच से पहले प्रॉपर रेस्ट नहीं किया।

### मैन ऑफ द मैच- मार्को यानसन

मैन ऑफ द मैच रहे दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के पेसर मार्को यानसन। उन्होंने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए।

**पहला ओवर:** कप्तान ऐडन मार्करम ने पहला ओवर मार्करम को दिया। यानसन ने 4 रन देकर रहमानुल्लाह गुरबाज का विकेट लिया। रहमानुल्लाह ने अफगानिस्तान के लिए इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 281 रन बनाए हैं।

**दूसरा ओवर:** यानसन ने दूसरे ओवर में अफगानिस्तान के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज गुलबदीन नाइब को बोल्ड किया। गेंद हल्की सी अंदर की ओर आई थी और बल्ले से टकराकर स्टंप्स में जा लगी।

**तीसरा ओवर:** यानसन अपना तीसरा और पारी का पांचवां ओवर लेकर आए थे। इस बार उन्होंने अफगानिस्तान के बल्लेबाज नांग्याल खरोती को पवेलियन भेजा।

### साउथ अफ्रीका की जीत के दूसरे हीरोज

**तबरेज शम्सी:** तबरेज शम्सी ने अफगानिस्तान के लोअर ऑर्डर को खत्म कर दिया। शम्सी ने सिर्फ 11 गेंदें फेंकीं यानी 1.5 ओवर, 6 रन दिए और 3 विकेट ले लिए। उन्होंने करीम जनत, नूर अहमद और नवीन उल हक को पवेलियन भेजा। तीनों बल्लेबाज एलबीडब्ल्यू आउट हुए।

**एनरिक नॉर्तया:** 3 ओवर में सिर्फ 7 रन दिए यानी हर ओवर में ढाई रन से भी कम और 2 विकेट लिए । नॉर्त्या ने अजमतुल्लाह उमरजई और कप्तान राशिद खान के अहम विकेट लेकर अफगानिस्तान के मिडिल ऑर्डर को नाकाम कर दिया।

**रीजा हेंड्रिक्स:** साउथ अफ्रीका के ओपनर हेंड्रिक्स और क्विंटन डीकॉक के सामने छोटा टारगेट था। लेकिन डीकॉक को दूसरे ही ओवर में फजल हक फारुकी ने बोल्ड कर दिया। मुश्किल पिच पर रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्करम के साथ 55 रन का नाबाद साझेदारी की। लगातार एक चौका और एक छक्का लगाकर जीत दिला दी।

### अफगानिस्तान की हार के 3 कारण

#### ओपनर्स फेल हो गए

अफगानिस्तान की टीम ने इस वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल समेत 8 मैच खेले। 3 मुकाबलों में उसे हार मिली, इंडिया के खिलाफ, वेस्टइंडीज के खिलाफ और साउथ अफ्रीका के खिलाफ। इंडिया के खिलाफ ओपनर्स रहमानुल्लाह गुरबाज और हजरतुल्लाह जजाई फेल रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ रहमानुल्लाह गुरबाज शून्य पर आउट हुए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ रहमानुल्लाह गुरबाज शून्य और इब्राहिम जादरान 2 रन पर आउट हो गए।जिन बड़ी टीमों के खिलाफ अफगानिस्तान जीता, उनमें ओपनर्स का बड़ा रोल था। न्यूजीलैंड के खिलाफ रहमानुल्लाह गुरबाज ने 80 और इब्राहिम जादरान ने 44 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी लगाई। बांग्लादेश के खिलाफ गुरबाज 43 रन की पारी खेली।

#### मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी चुनी, फैसला गलत साबित हुआ

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टॉस जीते। ऐसी पिच पर बल्लेबाजी चुनी, जहां इस वर्ल्ड कप में 5 में से 4 मैच रन चेज करने वाली टीम जीती। पांचों मैच में कोई भी टीम 150 का टोटल नहीं छू सकी। वर्ल्ड कप में इस पिच पर सबसे कम टारगेट 40 रन है, जो युगांडा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था।

ब्रायन लारा स्टेडियम की पिच पर असमान उछाल थी। इस पर घास भी थी और क्रैक्स भी, जो पेसर्स के लिए फायदेमंद होते हैं। टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी, लेकिन साउथ अफ्रीका ने ऐसी पिच का फायदा उठाया।

पिच का व्यवहार ना समझ पाने की वजह से अफगानिस्तान के जीत के चांसेस कम हो गए। टीम 56 पर ऑलआउट हो गई, जो साउथ अफ्रीका के लिए बेहद मामूली टोटल था।

#### बड़े मैच का प्रेशर और एक्साइटमेंट

अफगानिस्तान पहली बार किसी भी वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची। टीम को ऐसे मुकाबलों में प्रेशर हैंडल करने का कोई एक्सपीरियंस नहीं था। टीम दबाव का सामना नहीं कर पाई और बल्लेबाजी में ही बिखर गई।

एक्साइटमेंट भी एक वजह रहा। कप्तान राशिद खान ने मैच से पहले कहा था, हम एक बड़ा स्कोर चाहते हैं और इसके बाद हमें अपने बॉलिंग अटैक पर भरोसा है। हममें से कोई ज्यादा सोया नहीं है, लेकिन अभी भी सब ऊर्जावान हैं। ये हमारे लिए एक बड़ा गेम है। राशिद की टीम उत्साहित तो थी, लेकिन बड़े मैच से पहले रिकवरी के लिए रेस्ट की अहमियत को भूल गई।

### टर्निंग पॉइंट- रबाडा का एक ओवर, 2 विकेट

अफगानिस्तान 3 ओवर में 2 विकेट खो गए थे। क्रीज पर इब्राहिम जादरान और रहमतुल्लाह ओमरजई थे। उन्हें फाइटिंग टोटल हासिल करना था। रबाडा ने चौथे ओवर में ओपनर जादरान को बोल्ड किया। इसके बाद सबसे एक्सपीरियंस बल्लेबाज मो. नबी को भी पवेलियन भेज दिया। इस झटके से अफगानिस्तान की टीम उबर नहीं पाई।

### मैच जीतने के बाद एडेन मार्करम

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान मार्करम ने कहा, अब हमें ट्रॉफी उठानी है। टॉस हारने हमारे लिए फायदेमंद रहा। हम भी पहले बल्लेबाजी करते। हम पहले कभी फाइनल नहीं पहुंचे थे, लेकिन भरोसा था। ये पूरी टीम की कोशिशों का नतीजा है।

### मैच हारने के बाद राशिद खान

अफगानिस्तान के कप्तान राशिद बोले, हम बेहतर कर सकते थे, लेकिन कंडीशंस की वजह से ऐसा नहीं हो सका। हम किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं। हमें बड़ी टीमों के खिलाफ प्रेशर से उबरना होगा। काफी मेहनत करनी है, खासतौर से मिडिल ऑर्डर पर। हमें कुछ अच्छे नतीजे मिले, लेकिन बल्लेबाजी में अच्छा करने की जरूरत थी।

# तुषार-मयंक समेत आईपीएल के इन 7 गेंदबाजों को मिलेगी मोटी सैलरी

» बीसीसीसआई ने कॉन्ट्रैक्ट में किया शामिल...

**नई दिल्ली,27 जून 2024।** टीम इंडिया 6 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज खेलेगी। इसके लिए भारत ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे को भी टीम में जगह मिली है. तुषार को टीम में जगह मिलने के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है. एक रिपोर्ट के मुताबिक उनके साथ-साथ सात गेंदबाजों को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है. इस लिस्ट में लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी शामिल हैं।



तुषार देशपांडे ने घरेलू मैचों के साथ-साथ आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वे घरेलू मैचों में मुंबई के लिए खेलते हैं। तुषार इंडिया ए के लिए भी खेल चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड ए के खिलाफ 15 विकेट झटके थे। इसके साथ-साथ उनका मुंबई की ओर से खेलते हुए रणजी सीजन भी शानदार रहा था। तुषार के दमदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें टीम इंडिया में शामिल किया गया। इसके साथ फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट भी दिया गया।

तुषार के साथ-साथ मयंक यादव को भी फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट मिला है। इस लिस्ट में आकाश दीप, विजय कुमार वैशाक,उमरान मलिक, यश दया, विद्वत कवेरप्पा भी शामिल हैं। मयंक के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने लिस्ट ए के 17 मैचों में 34 विकेट झटके हैं। इसके साथ-साथ 14 टी20 मुकाबलों में 19 विकेट लिए हैं. मयंक एक फर्स्ट क्लास मैच भी खेल चुके हैं।बता दें कि टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2024 के बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला मैच 6 जुलाई को खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 7 जुलाई को खेला जाएगा। भारत-जिम्बाब्वे के बीच तीसरा टी20 मैच 10 जुलाई को खेला जाएगा। टीम का चौथा मैच 13 जुलाई को आयोजित होगा। इस सीरीज का आखिरी मैच 14 जुलाई को खेला जाएगा।

# बेबी जॉन के नए पोस्टर में इंटेंस लुक में दिखे वरुण धवन




### पहली बार फुल फ्लेज्ड एक्शन करते नजर आएंगे एक्टर

वरुण धवन अपनी आगामी एक्शन फिल्म बेबी जॉन से दर्शकों को इम्प्रेस करने के लिए तैयार हैं। मेकर्स ने अब एक नया पोस्टर जारी किया है जिसमें उनका इंटेंस लुक नजर आ रहा है। यह फिल्म वरुण धवन की पहली फुल फ्लेज्ड एक्शन फिल्म होगी। इस फिल्म में दो अभिनेत्रियां नजर आएंगी। साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगी।एक्टर वरुण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन के लिए साउथ फिल्मों के डायरेक्टर कालीस और जवान के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है। अभी कल ही खबर आई थी कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है और अब ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वहीं मेकर्स फिल्म को लेकर बज बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं।फिल्म का नया पोस्टर रिलीज किया गया है जो फैंस के बीच और उत्सुकता जगा रहा है। मेकर्स ने इस एक्शन पैक्ड मूवी से वरुण धवन का एक और लुक शेयर किया है जोकि बता रहा है कि फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस कितनी किलर होने वाली है। वरुण धवन का ये लुक शाह रुख खान की जवान से काफी मैच कर रहा है।

### इंटेंस लुक में नजर आए वरुण धवन

नए पोस्टर में बेबी जॉन एक्टर लंबे गीले बाल,बढ़ी हुई दाढ़ी और बहुत ही इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि वो लड़ाई के लिए बिल्कुल तैयार हैं और अपने रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति को खत्म कर सकते हैं। पोस्टर में एक तरफ फिल्म की रिलीज डेट और अन्य जानकारियां भी शामिल हैं। इस फिल्म के जरिए वरुण धवन पहली बार एक्शन करते नजर आएंगे।

### क्या है फिल्म का बजट

इस फिल्म से साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। वामिका गब्बी भी इस फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शुरुआत कर रही हैं। इसके अलावा फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी शामिल हैं। बेबी जॉन एस थमन ने म्यूजिक दिया है।

इस फिल्म में एक्शन का जबरदस्त डोज देखने को मिलेगा। कुछ मीडिया रिपोर्ट की मानें तो जेम्स बॉन्ड से लेकर जवान जैसी बड़ी फिल्मों का एक्शन डिजाइन करने वाले एक्शन डायरेक्टर्स को इसमें शामिल किया गया है। वहीं वरुण धवन ने फिल्म के कई एक्शन सीन्स खुद ही शूट करने की बात कहकर बॉडी डबल का इस्तेमाल करने से मना कर दिया।

# रोहित सराफ के हाथ लगी मणि रत्नम की फिल्म ?

### कमल हासन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे एक्टर

इश्क विश्क रिबाउंड फेम एक्टर रोहित सराफ के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। रोहित बहुत जल्द मणिरत्नम के साथ एक फिल्म करते नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ लीजेंड एक्टर कमल हासन भी होंगे। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए रोहित सराफ साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगे।

फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का कलेक्शन भले ही खास ना रहा हो लेकिन रोहित सराफ की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। इस फिल्म में रोहित पहली बार एक लीड एक्टर के तौर पर नजर आए। इससे पहले उन्होंने कई बड़ी एक्ट्रेसेज के साथ काम किया है जिसमें प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। अब खबर आ रही है कि एक्टर बहुत जल्द मणि रत्नम की ठग लाइफ में नजर आएंगे।



### रोहित को मिला बड़ा रोल

इस फिल्म में उनके साथ कमल हासन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पिंकविला का कहना है कि रोहित सराफ, मणि रत्नम और कमल हासन दोनों के ही बहुत बड़े फैन हैं। ये उनके लिए बहुत बड़ा मौका है। रोहित ने फिल्म की शूटिंग पहले ही शुरू कर दी है। एक्टर इसमें एक अहम किरदार निभाते नजर आएंगे जोकि कहानी को नया मोड़ देगा।

### कमल हासन की अहम भूमिका

जानकारी के अनुसार ठग लाइफ में कई सारे सरप्राइजेस हैं और मेकर्स दर्शकों को एक बड़ा सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देना चाहते हैं। शूट लगभग पूरा हो चुका है और मणि रत्नम इस साल अगस्त में फिल्म को रैपअप कर सकते हैं। मूवी साल के आखिरी में दिसंबर 2024 में रिलीज हो सकती है। रोहित सराफ और कमल हासन के अलावा फिल्म में सिम्बु,तृषा कृष्णन, नासर और जोजू जॉर्ज भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### कई भाषाओं में किया जाएगा रिलीज

बता दें कि ठग लाइफ एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिलहाल कमल हासन इन दिनों कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में दिखाई दिए। नाग अश्विन डायरेक्टेड इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण,अमिताभ बच्चन,कमल हासन और दिशा पटानी भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में कमल हासन ने खलनायक यास्किन का किरदार निभाया है।

# जब मां ने कार्तिक आर्यन को सैंडल से बुरी तरह पीटा



द ग्रेट इंडियन कपिल शो खत्म हो चुका है। हाल ही इसका ग्रैंड फिनाले एपिसोड टेलिकास्ट किया गया, जिसमें कार्तिक आर्यन मां माला के साथ मेहमान बनकर पहुंचे थे। कार्तिक और उनकी मां ने कई ऐसे किस्से सुनाए, जिससे दर्शक हंसी से लोटपोट तो हुए ही, साथ ही उनसे रिलेट भी किया। कार्तिक आर्यन की मां ने उनकी जिंदगी की कुछ ऐसी हरकतें भी बताईं, जिनके बारे में सुनकर खुद एक्टर भी झेंप गए। एक वाकया तो ऐसा हुआ था, जब मां ने कार्तिक आर्यन को सैंडल से बुरी तरह पीटा था।कार्तिक आर्यनकी मां माला तिवारी ने कपिल शर्मा को बताया कि वह कार्तिक को पढ़ाती थीं और बेहद स्ट्रिक्ट थीं। वह कार्तिक पर हमेशा नजर रखती थीं कि वह क्या कर रहा है, कहां जा रहा है और किसके साथ है। मां के मुताबिक, वह कार्तिक का पीछा किया करती थीं। एक दिन उन्होंने देखा कि कार्तिक ने कोचिंग क्लासेस बंक की हैं। वह अपनी कोचिंग क्लास में ही नहीं गए। कार्तिक आर्यन तब 10वीं या 12वीं क्लास में थे।यह देख मां माला को गुस्सा आ गया। मां ने पहले ही कार्तिक की टीचर को कहकर रखा था कि अगर उनका बेटा कभी भी क्लास मिस करे तो उन्हें बता दें। कार्तिक ने एक-दो क्लास मिस कीं तो टीचर ने उनकी मां को बता दिया। माला बोलीं, उसके बाद जब कार्तिक कोचिंग क्लास गया, तो मैंने उसका पीछा किया। उसे इस बारे में पता भी नहीं था। मैंने देखा कि उसने अलग रास्ता पकड़ लिया और दोस्तों के साथ आटा पीसने वाली चक्की की दुकान के पीछे चला गया। मैंने उनका पीछा किया और देखा कि वहां एक बड़ी स्क्रीन लगाई थी, जहां सभी बच्चे वीडियो गेम खेल रहे थे। उसने मुझे देखा तो डर गया।कार्तिक की मां ने आगे बताया, मैंने उसे पकड़ लिया और घर ले आई। वो पूरे कहता रहा, नहीं, मम्मी। जब हम घर पहुंचे, तो मैं इतना गुस्से में थी और निराश भी कि मैं उसे मारने के लिए कोई चीज ढूंढने लगी। और फिर मैंने उसे अपनी सैंडल से पीटा। मैंने उसे बहुत जोर से मारा। हमारे सारे कुत्ते इधर-उधर भागने लगे। मैंने सचमुच उसे बहुत पीटा था।



# लोकेश कनगराज की नई फिल्म कुली से रजनीकांत का फर्स्ट लुक फोटो रिलीज

थलाइवा रजनीकांत ने साल 2023 में आई फिल्म जेलर से तहलका मचा दिया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। फैंस तभी से रजनीकांत की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। रजनीकांत के पास अभी दो फिल्में हैं, जिनमें से एक लोकेश कनगराज की थलाइवा 171 है। अब इस फिल्म का नाम फाइनल हो चुका है और एक्टर के फर्स्ट लुक का फोटो भी सामने आया है थलाइवा 171 का नाम अब कुली रखा गया है, और इसमें रजनीकांत खतरनाक एक्शन अवतार में नजर आएंगे। लोकेश कनगराज ने रजनीकांत का फर्स्ट लुक फोटो शेयर किया और बताया कि शूटिंग इस साल जुलाई से शुरू होगी।

# अरबाज खान की वाइफ शूरा ने लंदन में ऐसा दिखाया डांस

### टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में भीड़ में खूब छाया जलवा



हॉलीवुड की फेमस सिंगर टेलर स्विफ्ट हाल ही में अपने लंदन कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में रही हैं। वेम्बली स्टेडियम में एरास टूर कॉन्सर्ट में परफॉर्म करती हुईं टेलर स्विफ्ट के परफॉर्मेंस के लिए भारी भीड़ जुटी थी जिसमें अरबाज खान की वाइफ शूरा खान भी शामिल हुईं।अमेरिकी सिंगर टेलर स्विफ्ट के परफॉर्मेंस के लिए वेम्बली स्टेडियम में एरास टूर कॉन्सर्ट में उनके फैन्स की जबरदस्त भीड़ जुटी। इस भीड़ में अरबाज खान की नई-नवेली पत्नी शूरा खान भी शामिल हुईं। जहां एक तरफ मंच पर टेलर स्विफ्ट परफॉर्म कर रही थीं वहीं डांस करती ऑडियंस के बीच शूरा खान भी जमकर ठुमके लगाती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर शूरा खान का ये डांस वीडियो खूब छाया है।

### शूरा अपने डांस और टेलर के गाने में मस्त दिख रहीं

अरबाज खान और शूरा ने पिछले साल 25 दिसंबर को शादी रचाई। इसके बाद से अब तक शूरा जब भी कैमरे में कैप्चर हुई हैं तो सबकी नजरों से बचने की कोशिश करतीं या फिर अरबाज का हाथ थामकर ही चलती दिखी हैं। लेकिन इस बार जो वीडियो सामने आया है उसमें शूरा बिंदास डांस करती दिख रही हैं। शूरा अपने डांस और टेलर के गाने में बिल्कुल मस्त दिख रही हैं।

### शूरा से अरबाज की पहली मुलाकात

बता दें कि शूरा पेशे से मेकअप आर्टिस्ट रही हैं। शूरा कई बॉलीवुड और टीवी शो के लिए काम कर चुकी हैं। वह रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी की पर्सनल मेकअप आर्टिस्ट भी रही हैं। अरबाज खान से शूरा की पहली मुलाकात अपकमिंग फिल्म पटना शुक्ला के सेट पर हुई थी और यहीं से इनके बीच दोस्ती शुरू हुई।

# प्रदेश के 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को मिलेगा संबंधित योजनाओं का लाभ



**» खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे 29 करोड़ रुपये से अधिक...**

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को अब राज्य सरकार से बड़ी सहायता मिलेंगी। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों के खाते में 29 करोड़ से अधिक की राशि जमा होगी। श्रम विभाग की आधा दर्जन श्रमकल्याण कारी योजनाओं का लाभ श्रमिक परिवारों को मिलने जा रहा है। पिछले हफ्ते श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने दो दिन तक सभी जिला मुख्यालयों के अधिकारियों की बैठक लेकर एक-एक योजना की समीक्षा की थी। श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को मिले. उन्होंने पात्र हितग्राहियों को जल्द राशि जारी करने के निर्देश भी दिए थे। श्रम मंत्री की विशेष पहल पर अलग अलग 6 योजनाओं को लाभ श्रमिकों को मिलने जा रहा है।

### महतारी जतन योजना के तहत 6210 महिलाओं को मिलेंगे 20-20 हजार

महतारी जतन योजना के तहत प्रदेश के पंजीकृत 6210 महिला श्रमिक के खाते में 20-20 हजार की राशि दी जाएगी. इस योजना में पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के प्रथम दो बच्चों के प्रसव हेतु एकमुश्त राशि दी जाती है.

### गणवेश,पुस्तक-कॉपी खरींदने के लिए 14 हजार श्रमिक को मिलेगी सहायता राशि

स्कूल का नया सत्र शुरू हो चुका है। पंजीकृत श्रमिक परिवार के बच्चों को गणवेश, पुस्तक और कॉपी खरीदने के लिए सहायता राशि दी जाती है। इसके तहत प्रदेश के 14 हजार श्रमिक परिवार को राशि स्वीकृत की गई है।. इसमें कक्षा 1 से 8 तक के लिए प्रति बच्चे को 1 हजार और कक्षा 9 से 12वी तक के लिए 2 हजार की सहायता राशि दी जाती है।

### नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के लिए 16 हजार श्रमिक बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

इस योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक परिवार के बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है। इस योजना के तहत कुल 16 हजार आवेदन पर स्वीकृति दी गई है।

### निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनाः

### 124 प्रकरण की राशि स्वीकृत

असंगठित कर्मकार निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर 1 लाख, कार्य स्थल पर मृत्यु पर 5 लाख, कार्य स्थल पर दुर्घटना से दिव्यांगता पर ढाई लाख रुपए दी जाती है.इसके तहत कुल 124 प्रकरण पर राशि की स्वीकृति दी गई है।

### श्रम मंत्री ने तत्काल खाते में राशि जमा करने का दिया निर्देश

इन सभी योजनाओं के तहत राशि की स्वीकृति देने के साथ-साथ मंत्री देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया है की सभी 44 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को डीबीटी के माध्यम से राशि जमा करें।

## आज फिर दिल्ली जाएंगे सीएम विष्णुदेव साय

### संभावित मंत्रियों के नामों पर लगेगी मुहर

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज 28 जून को फिर से दिल्ली जा रहे हैं। इस बार वे संभावित नामों की सूची लेकर जा रहे हैं, जिस पर अंतिम मुहर लेकर लौटेंगे।



दो दिन पहले सीएम विष्णुदेव दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान प्रदेश सरकार के कामकाज पर चर्चा के साथ ही कैबिनेट विस्तार पर भी बात हुई थी।

सूत्रों के अनुसार साय कल विशेष रुप से नड्डा से ही मिलने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। दोपहर में दोनों के मुलाकात का कार्यक्रम तय है। सीएम सुबह की फ्लाइट से दिले ली जाएंगे और दोपहर 11 बजे तक वहां पहुंच जाएंगे। दोपहर में ही उनकी राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के साथ बैठक है। संभव है कि नड्डा से मुलाकात के बाद देर शाम तक सीएम रायपुर लौट आए। जानकारों के अनुसार इस बार दिल्ली से जब सीएम लौटेंगे तो उनके पास कैबिनेट विस्तार और संभावित बदलाव का फाइनल प्लान होगा। राज्य कैबिनेट में 2 मंत्रियों का पद खाली है। इनमें से एक पद पहले से खाली था, जबकि दूसरा बृजमोहन अग्रवाल के इस्े तीफे की वजह से खाली हुआ है। अग्रवाल के पास संसदीय कार्य की भी जिम्मेदारी थी, उनके पद छोड़ने के बाद फिलहाल यह प्रभारी सीएम विष्णुदेव के पास है।




## छत्तीसगढ़ में एनआईए ने की 12 जगहों पर छापेमारी

**» 9.90 लाख रुपये नकद और ये हथियार हुए बरामद**

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदिग्ध सदस्यों द्वारा भारतीय जनता पार्टी नेता रतन दुबे की हत्या के मामले की जांच के सिलसिले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी की।दुबे की चार नवंबर को 2023 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कौशलनार साप्ताहिक बाजार में कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई थी. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अब तक की जांच के अनुसार प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) से जुड़े हथियारबंद हमलावरों ने भाजपा नेता की हत्या की थी।

### छापे में मिले ये सामान और हथियार

जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा, 'भाकपा (माओवादी) के पूर्वी बस्तर संभाग के बयानार एरिया कमेटी के विभिन्न संदिग्धों और नक्सल समर्थकों से जुड़े परिसरों पर कार्रवाई करते हुए एनआईए ने आज तोयनार, कौशलनार, बडेनहोद, धौड़ाई और कोंगेरा गांवों में 12 स्थानों पर छापेमारी की. बयान में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान कई मोबाइल फोन, एक टैबलेट और 9.90 लाख रुपये नकद के साथ-साथ नक्सली विचारधारा का प्रचार करने वाले पर्चे और साहित्य भी बरामद किये गये हैं। एजेंसी ने स्थानीय पुलिस द्वारा दर्ज इस मामले में फरवरी में जांच का जिम्मा संभाला था और वह एक आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

## अब टेंडर के लिए टफ होंगे नियम

**» सड़क व पुल निर्माण के लिए 90 प्रतिशत**

**» भवन के लिए 100 प्रतिशत बाधारहित जमीन जरूरी, जारी हुआ परिपत्र**




**बिलासपुर,27 जून 2024(ए)।** लोक निर्माण विभाग के कार्यों में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूर्ण करने राज्य शासन द्वारा निविदा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब सड़क और सेतु निर्माण के लिए निविदा के पहले संबंधित कार्यपालन अभियंता को प्रमाणित करना होगा कि कार्य के लिए 90 प्रतिशत बाधारहित भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण के लिए पूरी जमीन व्यवधानरहित होने पर ही निविदा आमंत्रित की जा सकेगी।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव द्वारा विभागीय कार्यों में तेजी और कसावट लाने के निर्देश के बाद राज्य शासन ने प्रमुख अभियंता सहित सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है। विभाग ने नए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। इनका समुचित पालन नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्रालय से प्रमुख अभियंता से लेकर सभी कार्यपालन अभियंताओं को जारी परिपत्र में निर्देशित किया गया है कि निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि सड़क निर्माण के लिए सड़क की प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी। विभाग ने भवन निर्माण के लिए 100 प्रतिशत व्यवधानरहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।परिपत्र में कहा गया है कि सेतु कार्यों के पहुंच मार्ग के लिए 90 प्रतिशत लंबाई बाधारहित होने पर ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जाए। निविदा आमंत्रण के पूर्व कार्यपालन अभियंता को यह प्रमाणित करना होगा कि पुल निर्माण हेतु पुल के पहुंच मार्ग के लिए प्रस्तावित कुल लंबाई की 90 प्रतिशत लंबाई व्यवधानरहित है। साथ ही 90 प्रतिशत लंबाई में सभी प्रकार की बाधाएं जैसे भूअर्जन, वन भूमि व्यपवर्तन एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 10 प्रतिशत भूमि बाधारहित करने की कार्यवाही 180 दिनों में में पूर्ण कर ली जाएगी। विशेष प्रकरणों में शासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा।




## सीजी माशिमं ने 10-12 वीं द्वितीय अवसर परीक्षा के लिए जारी किया समय सारिणी

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** माशिमं ने 10-12 वीं द्वितीय अवसर परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी है। । 12 वीं की परीक्षा 23 जुलाई और 10 वीं की 24 जुलाई से ली जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को राज्य के सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में लागू किया जाना है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राज्य के सभी शासकीय और निजी महाविद्यालयों के प्राध्यापकों और सहायक प्राध्यापकों को प्रशिक्षण देने मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस श्रृंखला में 27 जून को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में द्वितीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ. उच्च शिक्षा विभाग की कमिश्नर शारदा वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा से विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में लाभ होगा और उनके व्यक्तित्व का विकास भी होगा।कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर मुख्यअतिथि उच्च शिक्षा विभाग कमिश्नर शारदा वर्मा थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा से ही मानव का कार्य व व्यवहार में उतरोत्तर परिमार्जन होता है, जिससे अनुकूलता प्राप्त होती है इस क्रम में नई शिक्षा नीति एक ठोस पहल है। निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए अनुकूल परिणाम लाएगा। वर्तमान समय में बहुमुखी प्रतिभा के विकास की जरूरत है, जो नई शिक्षा नीति में शामिल है. इससे विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में लाभ होगा और उनका व्यक्तित्व विकास भी होगा. उन्होंने आगे कहा कि उच्च शिक्षा विभाग नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर और तत्पर है।

# मात्र एक घंटे में बना दिव्यांग प्रमाण-पत्र

**» सीएम विष्णुदेव साय से मिलने पहुंचे थे मनीराम**

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** धरसींवा निवासी मनीराम देवांगन का चार महीने पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। उसमें इनका पैर काटना पड़ गया था। मनीराम पिछले एक महीने से दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे थे लेकिन उनके आवेदन पर कारवाई नहीं हो सकी थी। मुख्यमंत्री जनदर्शन की जानकारी होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्या रखने की बात सोची। मुख्यमंत्री को उन्होंने संबंध में जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की निर्देश दिए। एक घंटे के भीतर मनीराम के हाथ में दिव्यांगता प्रमाण पत्र आ गया।

मनीराम ने खुशी जताते हुए कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त होने के पश्चात वो शासन की दिव्यांगजनों के लिए दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। साथ ही वह कृत्रिम पैर भी लगा पाएगा। जिसके चलते परिवार को संभालने की महती जिम्मेदारी पूरी कर सकेगा। मनीराम ने कहा कि उसे लगा था कि मुख्यमंत्री साय की पहल पर कुछ दिनों में उसका प्रमाण पत्र



बन जाएगा लेकिन उसे बिल्कुल भरोसा नहीं था कि एक घंटे प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री जनदर्शन के लिए लोगों में कितना उत्साह है। इस बात का पता तब भी चलता है जब लोग मुख्यमंत्री के पास आते हैं और जनदर्शन प्रारंभ करने के लिए उन्हें बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री जनदर्शन में पेंड्रा से आए महंत स्वामी अनसूया दास ने कहा कि आज आपका पहला जनदर्शन हो रहा है। मुझे बहुत खुशी हुई। यहां पर बहुत अच्छी तैयारी हुई है। आते ही मैंने चाय पी। इसके बाद अधिकारियों ने बहुत सहयोग किया। इतने सारे लोगों के आने के बावजूद बहुत अच्छी व्यवस्था है। इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महंत जी ने कहा कि आपने अयोध्या धाम रामलला दर्शन योजना आरंभ की है इसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महंत जी ने बताया कि पेंड्रा में वे एक गुरुकुल चलाते हैं। गुरुकुल में विद्यार्थियों को परंपरागत तरीके से पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है। आप वैदिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करते हैं इसलिए मैं आपके पास अनुरोध के लिए आया हूं कि गुरुकुल को आगे बढ़ाने मदद करें। मुख्यमंत्री ने महंत जी को आश्वस्त किया कि वे हर संभव सहायता करेंगे।

## सौम्या चौरसिया को नहीं मिली जमानत



**रायपुर,27 जून 2024(ए)।**कोर्ट ने शाम को अपना फैसला सुनाते हुए सौम्या चौरसिया को जमानत न देने की बात कही। यह भी कहा कि मामले की केस डायरी के मुताबिक सौम्या की पूरी संलिप्तता नजर आ रही है। बता दें कि सौम्या के वकील ने सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कहा कि, पिछले दिनों एक युवक ने कश्मीर में प्रधानमंत्री का करीब बनकर घूमने का काम किया,बाद में वे पकड़ा गया। कोर्ट में इस बात का उदहारण देते हुए बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पुलिस ने उस मामले में प्रधानमंत्री के पद का दुरुपयोग करने वाले को गिरफ्तार किया गया न की प्रधानमंत्री को।

## अमरेश मिश्रा ने महादेव सट्टेबाजी पर शिकंजा कसने ली बड़ी बैठक

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** देश-प्रदेश में सुर्खिया बटोरने वाले महादेव सट्टा एप्प को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया हैं। मिली जानकारी के मुताबिक़ सट्टेबाजी के लिए कुख्यात इस ऐप के दो संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल पर कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी तेज हो चली हैं। बताया जा रहा हैं कि प्रदेश पुलिस की तरफ से दोनों के ख़िलाफ़ लुकआउट और रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए गृह मामलों के केंद्रीय विभाग को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है। दरअसल दोनों के खिलाफ शहर के खमतराई थाने में एफ़आईआर दर्ज की गई हैं, जिसके



बाद उनकी तलाश और भी तेज कर दी गई हैं। रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने इस संबंध में पुलिस अफसरों की बैठक ली हैं। इस मीटिंग में उन्होंने सभी से महादेव ऐप से जुड़े मामलों में गंभीरता दिखाने और उन्हें जल्द निपटाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## छत्तीसग की पहली जेसीबी वूमेन को एक्सपो के लिए जापान से आया बुलावा

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** राजनांदगांव से आई दमयंती सोनी 61 साल की हैं और छत्तीसगढ़ की पहली ऐसी महिला हैं जो जेसीबी चलाती हैं। वे न केवल फर्राटे से जेसीबी चलाती हैं अपितु देश भर के एक्सपो में इन्हें भाग लेने के लिए बुलाया जाता है। ऐसे ही जापान से इन्हें बुलावा आया है लेकिन कुछ आर्थिक दिक्कतों की वजह से एक्सपो में देश शामिल नहीं हो पा रही। अपनी दिक्कत उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि आप छत्तीसगढ़ का नाम देश भर में रोशन कर रही हैं। आप सामान पैक करें, सरकार आपको जापान भेजेगी। आप तैयारी करें। दमयंती ने बताया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बहुत अच्छा लगा। वर्ष 2012 में पति के निधन के बाद से वे



जेसीबी चला रही हैं। उन्होंने देश भर में अनेक एक्सपो में भाग लिया है और अनेक कंपनियों के साथ इस संबंध में काम कर रही हैं। 61 साल की दमयंती ने कहा कि अगले 4 साल तक वे जेसीबी चलाती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने दमयंती की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए रोलमॉडल हैं। जनदर्शन के माध्यम से आपसे मुलाकात हुई है। आप ऐसे ही महिलाओं को प्रोत्साहित करते रहिए।

## सेंट्रल जीएसटी के इंस्पेक्टरों का बड़े पैमाने पर तबादला




**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** भोपाल कैडर नियंत्रण क्षेत्र में सेंट्रल जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क के इंस्पेक्टरों का बड़े पैमाने पर तबादला किया गया है। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में लंबे समय से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पदस्थ अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। यह ट्रांसफर और पोस्टिंग निरीक्षकों को भोपाल कैडर नियंत्रण क्षेत्र में दिए गए हैं। इसमें कुल 185 इंस्पेक्टरों को इधर से उधर किया गया है।

## नगरीय निकायों और पंचायत चुनाव की तैयारियों पर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने दिया जोर

**रायपुर,27 जून 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कार्यभार ग्रहण करते ही आगामी समय में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन की तैयारियां तेजी से करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने एक अहम बैठक रखी। इसमें प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारिक सिंह,



सचिव नगरीय प्रशासन बसवराजू एस. , सचिव सामान्य प्रशासन डी.डी.सिंह तथा सचिव राज्य निर्वाचन आयोग डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे उपस्थित रहे।

बैठक में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा करते हुए आयुक्त सिंह ने इसे समय सीमा में कराने पर जोर दिया है। इस मौके पर उन्होंने समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्वाचन से संबंधी दिए गए महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतदाता सूची की तैयारी की भी आयुक्त सिंह ने समीक्षा की। साथ ही मतदान केन्द्र और मतदान कर्मियों की आवश्यकता और व्यवस्था पर भी बात की। उन्होंने आम निर्वाचन के पहले सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने पर बल दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)